In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्री विद्याभवन आयुर्वेद ग्रन्थमाला ५६

204

वानस्पतिक अनुसन्धान दर्शिका

१९६६–१९६८

डा० कृष्णचन्द्र चुनेकर

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

काय-चिकित्सा

डा० गंगासहाय पाण्डेय

इस ग्रन्थ में पाश्चात्त्य तथा आयुर्वेदीय निदान एवं चिकित्सा के आधार पर सैद्धान्तिक स्पष्टीकरण तथा उनका क्रियात्मक स्वरूप (Practical view) विस्तृत रूप में वर्णित किया गया है। नवीन अद्यतन ओषधियों की उपयोगिता तथा निषेध एवं प्राचीन वैद्यक की प्रमुख विशेषता—पंचकर्म चिकित्सा का शास्त्रसम्मत एवं व्यावहारिक स्वरूप—आदि सभी विषयों का पूर्ण समावेश है। व्याधियों की चिकित्सा करते समय पग-पग पर आने वाली कठिनाइयों का निराकरण तथा व्याधियों की समस्त अवस्थाओं की चिकित्सा का विस्तृत निर्देश इस पुस्तक की प्रमुख विशेषता है। लगभग ३०० से भी अधिक अनुभूत योग (Prescriptions) तथा समस्त औपसर्गिक व्याधियों का विस्तृत चिकित्सा-क्रम इसमें संगृहीत है। इस ग्रन्थ की शैली और कौशल में उभयविध अध्ययन-अध्यापन और चिकित्सा का अनुभव निहित है। २५–००

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्वर्गीय–पद्मभूषण वैद्यरत्न पं. शिवशर्माजी के
पुण्यस्मरणार्थ उपहारस्वरुप प्राप्त

To,

Vaidyaratna
Pt. Shiva Sharma
Bombay

With best Compliments

K. C. Chunekar
26/11/69

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust
स्वर्गीय-पद्मभूषण वैद्यरत्न पं. शिवशर्माजी के
पुण्यस्मरणार्थ उनके परिवार द्वारा प्राप्त

विद्याभवन आयुर्वेद ग्रन्थमाला

५६

वानस्पतिक अनुसन्धान दर्शिका

१९६६–१९६८

सम्पादक

आयुर्वेदाचार्य

डा० कृष्णचन्द्र चुनेकर ए. एम. एस.

प्राध्यापक : द्रव्यगुण विभाग, स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

भूमिका लेखक

आचार्य प्रियव्रत शर्मा

एम. ए. (द्वय), ए. एम. एस., साहित्याचार्य

अध्यक्ष : द्रव्यगुण विभाग एवं निदेशक : स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय
संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रकाशक : चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी

मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

संस्करण : प्रथम, वि० संवत् २०२६

मूल्य : १०-००

© चौखम्बा विद्याभवन

चौक, पो० बा० ६६, वाराणसी-१

फोन : ३०७६

प्रधान कार्यालय :

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

गोपाल मन्दिर लेन,

पो० आ० चौखम्बा, पोस्ट बाक्स ८, वाराणसी-१

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

THE
VIDYABHAWAN AYURVEDA GRANTHAMALA
56

VĀNASPATIKA ANUSANDHĀNA DARŚIKĀ

(Abstracts of research papers on Indian Medicinal Plants covering the fields of Botany, Pharmacognosy, Phytochemistry, Pharmacology and Clinical trials, published during 1966–1968)

Edited By

Ayurvedāchārya

DR. K. C. CHUNEKAR, A. M. S.

Lecturer, Department of Dravyaguna, Postgraduate Institute of Indian Medicine, B. H. U., Varanasi.

With a Foreword

By

ĀCHĀRYA PRIYAVRATA SHARMĀ

M. A. (Double), A. M. S., Sāhityāchārya

Head of the Department of Dravyaguna and Director, Postgraduate Institute of Indian Medicine, Banaras Hindu University.

THE
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI–1
1969

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

© The Chowkhamba Vidyabhawan

Post Box No. 69

Chowk, Varanasi–1 (India)

1969

Phone : 3076



First Edition

1969

Price Rs. 10–00

Also can be had of

THE CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

Publishers & Oriental Book-Sellers

P. O. Chowkhamba, Post Box 8, Varanasi–1 (India)

Phone : 3145

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सर्वतन्त्र स्वतन्त्र, त्यागतपोमूर्ति, अर्वाचीन चरक, प्राच्य
पाश्च्यात्त्य चिकित्सा पद्धति के सिद्धहस्त चिकित्सक,
पीयूषपाणि, रोगविज्ञान के लब्ध कीर्ति प्राध्यापक,
काशी के गौरव, ए. एम. एस. कुलभूषण,
पूज्यपाद डा. गंगासहाय पांडेयजी भूतपूर्व
प्राध्यापक : आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा
विज्ञान महाविद्यालय तथा चिकित्सक :
सर सुन्दरलाल आतुरालय, का.
हि. वि. वि. के कर
कमलों में सादर समर्पित।

गुरुवर्य,

जो कुछ भी आज मुझसे बन पड़ा है वह आप ही के मार्गदर्शन एवं कृपा का परिणाम है। मन के भावों को अभिव्यक्त करना मेरे शब्दसामर्थ्य के बाहर है। इसका मुझे अत्यंत संतोष है कि एक अल्प सी वस्तु आपको भेंट कर वर्षों की अभिलाषा पूर्ण कर सका हूँ।

आपका

कृपाभिलाषी

कृष्णचन्द्र चुनेकर

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भूमिका

वनस्पति मानव के चिर सहचर हैं और वे मनुष्य के सुख दुःख में सर्वदा साथ देते आये हैं। भोजन के रूप में कन्दमूल-फल का प्रयोग तो होता ही था वस्त्र भी इन्हीं के वल्कल एवं सूत्रों से प्राप्त होता था। कार्पास एवं क्षौम वस्त्र सामान्यतः प्रयुक्त होते थे; महीन वस्त्र के रूप में भूर्जत्वक् (भोजपत्र वृक्ष की छाल) का व्यवहार होता था जो आजकल के मलमल या महीन रेशमी वस्त्रों का मुकाबला करता था। इसके अतिरिक्त, शय्या, आसन, पात्र, कृषि-उपकरण, रथ आदि इन्हीं से बनते थे। लेखन-कार्य में स्याही एवं कागज के रूप में वनस्पतियों का ही उपयोग होता था। यज्ञों में यूप एवं समिधा के रूप में विभिन्न वृक्षों के काष्ठ का व्यवहार होता था। दन्तधावन के लिए वृक्षों की कोमल-पतली टहनियाँ ली जाती थीं तथा तिलक, अनुलेपन, उद्वर्तन, स्नानीय चूर्ण, तैल आदि में सुगन्धित ओषधियों का प्रयोग होता था। विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर विभिन्न वृक्षों के स्तम्भ लगाये जाते थे और पल्लवों का बन्दनवार बनता था। मादक पेय के रूप में सोम प्रचलित था। सारांश यह कि मनुष्य का जीवन वनस्पति-मय था और वह वनस्पतियों में अपना ही रूप देखता था। जब कोई सुकुमार कृशांगी लतिका किसी सारवान वृक्ष की शाखाओं से लिपटी होती थी तो उसमें वह प्रेमी की भुजाओं में आलिंगनबद्ध किसी प्रेमिका को देखता था। ऋषि-मुनि आश्रम एवं वन के वृक्षों को वच्चों के रूप में देखते थे। प्रियंगु जब अपने समस्त यौवन एवं सौरभ के साथ प्रफुल्लित होती थी तो वह किसी श्यामा से कम नहीं लगती थी और उधर सहकार जब मञ्जरियों से पिञ्जरित स्वर्ण मुकुट धारण करता तो वह किसी राजपुत्र नायक

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सा लगता। इस प्रकार मानव अपनी भावनाओं एवं आकांक्षाओं को वनस्पतियों में आरोपित कर तादात्म्य एवं सुख का अनुभव करता रहा।

दैनन्दिन आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सौन्दर्य भावना के आलम्बन के अतिरिक्त मानव के विपत्तिकाल में भी वनस्पतियों ने साथ नहीं छोड़ा। जिस प्रकार सुख के समय मनुष्य उनका उपयोग करता था उसी प्रकार दुःख के समय भी उनका प्रयोग करने लगा। वैदिक काल में उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर यह प्रतीत होता है कि पशु-पक्षियों के माध्यम से वनस्पतियों के गुणकर्म का अनुमान किया जाता था। इसी कारण अनेक ओषधियों के नाम भी पशु-पक्षियों के आधार पर रक्खे गये यथा वाराही, नाकुली, सर्पगन्धा, मृगादनी आदि। यज्ञकाल में जब अश्व, अजा आदि पशु रुग्ण हो जाते थे तो उनकी चिकित्सा की जाती थी क्योंकि रुग्ण पशुओं का याग में प्रयोग निषिद्ध है। आथर्वणिक उपचार में अधिकांश मणियों का प्रयोग होता था जिसमें वनस्पतियों के मूल मणिबन्ध में बाँधे जाते थे (सम्भवतः इसी आधार पर 'मणिबन्ध' संज्ञा है)। वनस्पतियों के रूप-रंग, आकृति से भी उनके गुणकर्म का अनुमान किया जाता था यथा अशोक का प्रयोग प्रदर में, हरिद्रा का कामला आदि पैत्तिक रोगों में, मरोड़फली का उदरशूल में इत्यादि। एक कर्म करनेवाले ऐसे अनेक द्रव्यों का एक वर्ग बनाया गया और वर्गीकरण की पद्धति प्रचलित हुई। कालक्रम से प्रयोग का क्षेत्र जैसे-जैसे बढ़ता गया मनुष्य के ज्ञान की परिधि में ये द्रव्य समाविष्ट होते गये। इसी कारण हम देखते हैं कि वैदिककाल से अब तक द्रव्यों की संख्या क्रमशः बढ़ती गई, आधुनिक काल तक जो नये द्रव्य परम्परा में उपयोगी सिद्ध हुए उनका शास्त्र में समावेश कर लिया गया। वस्तुतः द्रव्यविज्ञान की प्रयोगशाला लोक-परम्परा ही रही है और परम्परा-गृहीत द्रव्य समकालीन ग्रन्थकारों द्वारा अपनी रचनाओं में समाविष्ट कर लिये गये। परम्परा के अनादि स्रोत से ही भारतीय ओषधि-शास्त्र पल्लवित-पुष्पित होता रहा है।

आधुनिक काल में जब पुर्तगाली, फ्रांसीसी और डच निवासियों ने इस

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

देश में पदार्पण किया तो भारत भूमि की अपार वन-सम्पदा को देख कर वे आश्चर्यचकित रह गये तथा कुतूहल एवं जिज्ञासा की शांति के लिए उन्होंने यहाँ की वनस्पतियों का अध्ययन प्रारम्भ किया। बाद में अंग्रेजों ने भी इनका पदानुसरण किया। इस प्रकार वानस्पतिक अध्ययन अग्रसर हुआ और परिणाम स्वरूप इस विषय में उपलब्ध वाङ्मय अतीव समृद्ध है तथा अभी भी इस दिशा में कार्य आगे बढ़ रहा है।

जिस प्रकार भारतीय वनस्पतियों के नामरूपात्मक अध्ययन की ओर वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट हुआ उसी प्रकार उनके गुणकर्मात्मक पक्ष पर भी अनुसंधान होने लगे। इस दिशा में अनेक देशी-विदेशी वैज्ञानिकों ने बहुमूल्य कार्य किया है जिसके फलस्वरूप अनेक महत्वपूर्ण ओषधियाँ प्रकाश में आईं और सारा विश्व उनसे लाभान्वित हो रहा है। स्वतन्त्रता के बाद इस कार्य में अपूर्व वेग आया और अनेकानेक वनस्पतियों के गुणकर्मों का परीक्षण देश के चिकित्सा-महाविद्यालयों एवं अनुसन्धान संस्थाओं में होने लगा जिसके परिणाम स्वरूप अत्यधिक परिमाण में वैज्ञानिक सामग्री एकत्रित हो गई जिसका आकलन क्रमशः कठिन एवं समयसापेक्ष होने लगा। अतः अनुसंधानकर्त्ताओं की सुविधा के लिए इन कार्यों की सारग्राहिणी विवरणिकाओं की माँग होने लगी। इस प्रकार का एक प्रकाशन कर्नल रामनाथ चोपड़ा के प्रयास से हो चुका है जिसका उपयोग बहुशः होता है।

अनुसंधानकर्ताओं के लिए यह अत्यन्त आवश्यक अपितु अनिवार्य है कि वे उस विषय पर पूर्ववर्ती विद्वानों द्वारा किये यावत् कार्यों की जानकारी प्राप्त करें जिससे उन्हें अपनी सीमा, दिशा एवं कार्यक्षेत्र का नियोजन करने में सुविधा हो। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान स्थापित होने पर यहाँ के अनुसंधान-कर्ताओं की सुविधा के लिए मेरी प्रबल इच्छा थी कि इस प्रकार का कार्य अपने विभाग से हो। बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि हमारे संस्थान के द्रव्यगुण विभाग के अध्यापक डा० कृष्णचन्द्र चुनेकर ने इस

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कार्य को अत्यल्प समय में सम्पन्न कर लिया तथा उसे 'वानस्पतिक अनुसंधान दर्शिका' के रूप में वैज्ञानिकों के समक्ष उपस्थित भी कर दिया। उनके इस परमोपयोगी कार्य के लिये मैं उन्हें साधुवाद देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि इसी प्रकार वह वाङ्मय की अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान करते रहेंगे।

प्रियव्रत शर्मा

अध्यक्ष, द्रव्यगुण विभाग
एवं
निदेशक, स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

वाराणसी
४ अगस्त, १९६९।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रस्तावना

भारत की वन-संपदा अत्यन्त वैभवशालिनी है। भिन्न भौगोलिक परिस्थिति के कारण भारत में हजारों प्रकार की वनस्पतियाँ पाई जाती हैं जिनका उपयोग अनेक क्षेत्रों में अनादि काल से किया जा रहा है। प्राचीन आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति में इन्ही वनस्पतियों की प्रधानता रही और अभी भी चिकित्सा के लिए इनका व्यापक उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू चिकित्सा के रूप में इनका प्रचलन है। काल के अनुसार इनके गुण धर्मों के परीक्षण की आवश्यकता महसूस होने लगी एवं स्वतंत्रता के पश्चात् इनके अनुसंधान में उत्तरोत्तर प्रगति होती गई। आज इतनी तीव्र गति से भारतीय वनस्पतियों पर अनुसंधान हो रहा है कि प्रत्येक के लिए उनकी जानकारी रखना कठिन हो रहा है। इसी दृष्टि से उन अनुसंधानों के परिणामों के सारांशों को एकत्र करने का प्रयत्न इस पुस्तक में किया गया है। अंग्रेजी भाषा में सर रामनाथ चोपड़ा जी द्वारा सन् १९५६ में इस प्रकार का सुप्रसिद्ध कार्य हो चुका है और हाल ही में सन् १९६४ तक के अनुसंधानों का नवीन पूरक संग्रह प्रकाशित हुआ है। हिन्दी में इस प्रकार का प्रकाशन कदाचित् कोई हो और इसीलिए सन् १९६६ से १९६८ के अन्त तक प्रकाशित अनुसंधानों के सारांशों को राष्ट्रभाषा में लिखने का प्रयास किया गया है।

द्रव्यों के परिचय (Pharmacognosy), रासायनिक स्वरूप (Chemical constitution), प्राणियों पर प्रभाव (Pharmacology) एवं चिकित्सा (Clinical trials) में उपयोगिता की दृष्टि से प्रकाशित किये गए ७६७ अनुसंधान पत्रों का सारांश इसमें है। लगभग ४५० वनस्पतियों का विवरण

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उनके वैज्ञानिक नामों के वर्णानुक्रम से लिखा गया है। प्रत्येक वनस्पति के सारांश के पश्चात् अनुसंधानकर्ताओं का नाम, पत्रिका का नाम, एवं प्रकाशन की तारीख आदि का विवरण दिया गया है जिससे विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता पड़ने पर मूल शोध-पत्र को देखा जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शब्दों को अंग्रेजी में ही लिखा गया है। आवश्यक स्थानों पर पारिभाषिक शब्दों के साथ अंग्रेजी शब्द भी लिखे गए हैं। अधिकांश मूल शोध-पत्रों में पौधों के वैज्ञानिक नाम के साथ भारतीय नाम न होने के कारण लेखक ने अपनी तरफ से यथा संभव उन नामों को जोड़ा है तथा उनकी एक वर्णानुक्रम सूची भी अन्त में दी है। कुछ पत्रिकाएँ विलम्ब से प्राप्त होने के कारण उनमें के शोध-पत्रों का सार परिशिष्ट १ में दिया गया है। कुछ शोध-पत्र ऐसे भी हैं जिनमें एक ही पत्र में अनेक वनस्पतियों पर प्रारम्भिक अध्ययन किया गया है। इस प्रकार के तथा कुछ अन्य विशिष्ट शोध-पत्रों का विवरण परिशिष्ट २ में दिया गया है। कुछ पत्रिकाओं के कुछ अंक न मिलने के कारण उनमें के शोध-पत्रों का विवरण नहीं दिया जा सका जिसके लिए उन वैज्ञानिकों से क्षमा प्रार्थी हूँ। आगे के संस्करणों में यथा संभव उनका संकलन करने का प्रयत्न किया जायेगा। परिशिष्ट ३ में इन सारांशों को गुणकर्मादि के आधार पर वर्गीकृत किया गया है जिससे पाठकों को आवश्यक सारांश खोजने में सुविधा हो।

वैसे तो लेखक अपने अध्यापन कार्य के सिलसिले में नवीनतम अनुसंधानों की जानकारी का संग्रह करता रहा है, किन्तु इस प्रकार के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय हमारे विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रियव्रत शर्माजी को है, क्योंकि उन्हीं की प्रेरणा का यह परिणाम है। इस पुस्तक की भूमिका लिखकर उन्होंने इसके महत्व को बढ़ा दिया है उसके लिये मैं उनका अत्यंत आभारी हूँ और मुझे इस बात का गौरव है कि उनकी प्रेरणाओं तथा कल्पनाओं को साकार करने का प्रयत्न कुछ हद तक मैं कर सका हूँ। स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान के उन सभी अध्यापकों का भी मैं अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने अपने अमूल्य सुझावों को देकर इसको सुशोभित करने में सहायता की है।

चौखम्बा परिवार के सदस्यों का भी मैं अत्यन्त आभारी हूँ क्योंकि उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूर्ण किया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय तथा विभागीय पुस्तकालयों के अध्यक्षों एवं समस्त कर्मचारियों का भी आभारी हूँ जिनकी सहायता के बिना यह कार्य संभव ही नहीं था।

सीमित साधनों में कार्य किये जाने के कारण इसमें अनेक त्रुटियाँ रह सकती हैं जिसके लिये विद्वानों से प्रार्थना है कि वे उनके लिये क्षमा करते हुए आगे के लिये अपने अमूल्य सुझाव देकर कृतार्थ करेंगे।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक चिकित्सकों, वनस्पतिवेत्ताओं, रसायनवेत्ताओं तथा भारतीय वनस्पतियों पर अनुसन्धान करने वाले विद्वानों के लिये समान रूप से उपयोगी होगी।

दिनांक, १५ अगस्त, १९६९ कृष्णचन्द्र चुनेकर

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विषय-सूची

शोध-पत्रों के सारांश	१–१६३
परिशिष्ट १—शोध-पत्रों के पूरक सारांश	१६४–१६९
परिशिष्ट २—कुछ अन्य महत्वपूर्ण लेख	१७०–१७४
परिशिष्ट ३—गुणकर्मादि के अनुसार वर्गीकृत सारांश	१७५–१७९
सन्दर्भ पत्रिकाओं की उनके संकेतों सहित सूची	१८०–१८२
संकेत	१८२
वर्णानुक्रम से द्रव्यों के भारतीय नाम	१८३–१९२

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वानस्पतिक अनुसन्धान दर्शिका

१९६६--६८

1. Abroma augusta Linn. हिंदी-उलटकंबल

१. इसके कांड के क्वाथ में गर्भाशय के लिये बलदायक (uterotonic) क्रिया पाई गई किन्तु कुत्ते के परीक्षण में यह नहीं पाई गई।

एम. बी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एस. मिश्रा, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६०।

२. प्रारम्भिक गर्भावस्था पर प्रभाव के अध्ययन के लिये इसके मूल के विभिन्न सत्वों का अध्ययन चूहों पर किया गया। इनका कोई विशेष गर्भ-निरोधक प्रभाव नहीं देखा गया। देखें–४७८।

2. Abrus precatorius Linn. सं०-गुंजा

३. इसके बीजों का इथेनोल द्वारा निकाला सत्व स्टेफिलाकोकस, तथा प्रवाहिका उत्पादक जीवाणु एवं कुछ कवकों की वृद्धि रोकता है। इसके रंजक पदार्थ केवल स्टेफिलोकोकस की वृद्धि रोकते हैं जब की ईथरीय अंश अनेक प्रकार के जीवाणुओं की वृद्धि को राकता है। वर्णलेखन (chromatography) द्वारा विश्लेषण से इसमें गॅलिक एसिड तथा दो फनोलीय अंश पाये गये हैं।

ही. बी. देसाई एवं एम. सिरसी, इंडि. जर. फार्मे., २८, ६, १९६६, १६४-१६५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४. इसमें विषैला तत्व प्रोटीन के जाति का है। चूँकि इसे गर्भपातक माना जाता है इसलिये इसका प्राणियों के गर्भाशय, गर्भ तथा अपरा आदि पर प्रभाव देखा गया। इससे गुण सूत्रों के विभजन तथा शुक्राणु में दुष्परिणाम होते हैं। इसका जीवाणु रोधक तथा गुणकर्मात्मक अध्ययन भी किया गया है।

ह्री. बी. देसाई एवं एम. शिरसी, सार १८ हवी इंडि. फार्मा. काँग्रे., १९६६, इंडि. जर. फार्मे., २८, १२, १९६६, ३४१।

५. इसके बीजों से दो स्टेरायड अंश (Steroidal fractions), एक तैलीय तथा दुसरा रवेदार, प्राप्त किये गये जिनमें से तैलीय अंश में, मुख द्वारा प्रयोग करने से चूहों में स्पष्ट प्रजनन रोधी (antifertility) क्रिया पाई गई।

आर. वी. देसाई एवं ई. एन. रूपवाला, इंडि. जर. फार्मेसी., २९, ८, १९६७, २३५-२३७।

६. इसमें का रक्त को जमानेवाला तत्व (haemagglutinating principle) एक प्रोटीन है जो बीजदल (cotyledons) में रहता है तथा यह १००° श० पर आधा घंटा गरम करने से नष्ट होता है। यह प्रोटीन संभवतः β-globulin है।

डी. एस. मिश्रा, बी. के. सोनी एवं डी. शर्मा, इंडि. जर. एक्स्पे. बायो., ६, २, १९६८, १०८-१०९।

७. चूहों में कृत्रिम रूप से उत्पन्न अर्बुदों पर इसके बीजों के जलविलेय प्रोटीन अंश का अध्ययन किया गया जिसमें उत्साह वर्धक परिणाम देखे गये। इसका अर्बुद कोशाओं पर प्रत्यक्ष हानिकर प्रभाव पड़ता है।

वी. वी. एस. रेड्डी एवं एम. सिरसी, सार, २० वी इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८८।

3. Acacia catechu Willd. **सं०-खदिर**

८. कुष्ठ रोगियों में खदिर द्वारा चिकित्सा के परिणामों का विवेचन है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

लाक्षणिक लाभ पर्याप्त होता है। जीवाणुओं की दृष्टि से विशेष लाभ नहीं देखा गया।

दि. ओझा, ९ वाँ अन्तर्राष्ट्रीय कुष्ठ सम्मेलन, लंडन, १६–२१ सितम्बर १९६८।

4. Acacia pennata (L.) Willd. **सं०-अरि; हिंदी-अरार**

९. इसकी छाल के रासायनिक पृथक्करण से lupeol एवं α spinasterol प्राप्त किये गये।

पी. सेन गुप्त एवं अ. कु. चक्रवर्ती, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४३, ३, १९६६, १९१-१९३।

5. Acalypha indica Linn. **सं०-कुप्पी, मुक्तवर्चा; हिंदी-आमाभाजी**

१०. इसके पंचांग का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

जे. मुखर्जी, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४४, ९, १९६७, ७९२।

6. Achillea millefolium Linn. **हिंदी-रोजमरी, बिरंजसिफ**

११. इसके पुष्प गुच्छों से एक सत्व achillin पृथक् किया गया है, जिसका विवेचन है।

स्टेनिस्लॉस् जे. स्मोलेंस्की, चार्ल्स एल. वेल एवं लडविग बावर, लायडिया, ३०, २, १९६७, १४४–१४९।

7. Achyranthes aspera Linn. **सं०-अपामार्ग**

१२. इसके पंचांग का क्वाथ महाकुष्ठ की प्रतिक्रिया में लाभदायक है। आधुनिक औषधि सल्फोन के साथ इसका यदि प्रयोग करे तो प्रतिक्रिया की कम सम्भावना रहेगी।

दि. ओझा, एस. एन. त्रिपाठी एवं गु. मो. सिंह, लेप्रसी रिव्यू, ३७, २, १९६६, ११५–२०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१३. इसके पंचांग के क्लोरोफार्म विलेय समाक्षारीय अंश के गुणकर्मात्मक प्रभाव को प्रस्तुत किया गया है। यह सम्वेदनाहृत कुत्ते में रक्त दबाव को बढ़ाता है। श्वसन को कुछ काल के लिए उत्तेजित करता है। हृदय संकोचों के आयाम को बढ़ाता है। आंत्र एवं गर्भाशय पर विभिन्न उद्वेष्टनकारी औषधों के प्रभाव को दूर करता है एवं चूहों में अल्प मूत्रजनन रोधी कार्य करता है।

ह्री. के. कपूर एवं हरकिशन सिंह, इंडि. जर. फार्मेसी, २९,१०, १९६७, २८५-२८८।

१४. इसके पंचांग के क्वाथ का अध्ययन गलित् कुष्ठ में किया गया। यह देखा गया कि यह डीडीएस के कार्य को बढ़ाता है, प्रतिक्रिया को रोकता है तथा इससे बिना किसी हानि के रोगी की दशा में सुधार होता है। अकेले इसके प्रयोग से जीवाणु की दृष्टि से लाभ नहीं होता।

दि. ओझा, गु. मो. सिंह, लेप्रसी रिव्यू, ३९, १, १९६८, २३-३०।

8. Aconites **सं०-वत्सनाभ**

१५. वर्ण लेखन (chromatography) एवं स्पेक्ट्रम प्रकाशमापी (spectrophotometry) पद्धति से वत्सनाभ वर्ग की विभिन्न जातियों (species) की पहचान आसानी से की जा सकती है। इस पद्धति से इनके द्वारा बने तरल योगों में किस जाति का उपयोग किया गया है एवं उसमें क्षाराभ की कितनी मात्रा है यह भी जाना जा सकता है। इस पद्धति से निम्नलिखित जातियों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है—A. chasmanthum, A. napellus, A. heterophyllum, A. balfourii, A. deinorrhizum, A. spicatum, A. laciniatum.

एम. एल. खुराना एवं बी. एस. आर. मूर्ति, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, ९, १९६८, २०६-२०८।

9. Aconitum falconeri Stapf. **हिं०—मींठा तेलिया**

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१६. इसके मूल से दो नये क्षाराभ Bishatisine एवं Bishaconitine पृथक् किये गये हैं।

एन. सिंह, जी. एस. बाजवा एवं एम.जी. सिंह, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, १, १९६६, ३९-४२।

Aconitum heterophyllum Wall. **सं०-अतिविषा**

१७. इसके मूल से ३ नये diterpene lactone alkaloids पृथक किये गये जिनका नामकरण Heterophyllisine, Heterophylline एवं Heterophyllidine किया गया। इनकी संरचना का निर्धारण भी किया गया।

एस. डब्लू. पेल्लेटियर एवं आर. अनेजा, टेट्रा. लेट., ६, १९६७, ५५७-५६२।

11. Aconitum palmatum D. Don. **सं०—प्रतिविषा**

१८. इससे पृथक किये गये क्षाराभों में से Vakognavine की संरचना का अध्ययन है।

एन. सिंग एवं एस. एस. जसवाल, टेट्रा. लेट., १८, १९६८, २२१९-२२२२।

12. Acorus calamus Linn. **सं०-वचा**

१९. इसके तेल का अध्ययन चूहों पर किया गया। यह डेक्साएम्फेटामाइन से उत्पन्न किये गये उद्वेगजन्य लक्षणों को रोकता है। एवं दूसरी तरह से निद्राजनक औषध हेक्सोबारबिटाल के गुण को बढ़ानेवाले वचा तेल के प्रभाव को डेक्साएम्फेटामाइन रोकता है। इन दो प्रयोगों से यह अनुमान होता है कि वचा तेल केन्द्रीय नाड़ी संस्थान पर एम्फेटामाइन की क्रिया का विरोधी है। तीसरे प्रयोग 'अनुकूलन निवारण प्रतिक्रिया' (avoidance conditioning response) द्वारा इसके संशामक कार्य (sedative tranquillising action) करने के तरीके पर प्रकाश डाला गया है जिसमें यह देखा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गया कि इस तेल में नाड़ी मंडल की प्रेरक कार्यकारी शक्ति को कम करने का गुण है।

ई० भट्टाचार्य, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, १९५–२०२।

13. Actinodaphne hookeri Meissn. बंबई-पिसा

२०. इसके बीज मज्जा स्नेह एवं कवच तैल के स्नेहीय अम्लों का रासायनिक विवेचन किया गया है।

टी. आर. भंभानी, वी. वी. आर. एस. एवं जे. जी. के., इंडि.. जर. केमिस्ट्री, ६, ३, १९६८, १६४१-६६।

14. Actinopteris fanis

२१. इसके पत्तों का चूर्ण ३००-६०० मि० ग्रा० प्रतिदिन, कुत्तों को मुखद्वारा दिया गया। यह देखा गया कि यह Tromexan १५० मि० ग्रा० प्रतिदिन (मुखद्वारा) की स्कन्दन रोधी (anticoagulant) क्रिया का विरोधी है।

पी. एस. आर. के. हरनाथ, एन. के. रामकृष्ण राव, के. सुनन्दा बाई, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, १२, २, १९६८, १०।

15. Actinopteris radiata (Sw.) Link. हि०-मयूर शिखा

२२. इसके सभी अंगों का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन किया गया है।

ब्रि. गोपाल एवं एस. भम्बी, जर. साइ. रिस., बी. एच. यू., १६ (२) ६५-६६, १६१–१८२।

16. Adhatoda vasica Nees. सं०-वासा

२३. इसके पत्तों से एक नाइट्रोजन रहित अंश को अलग करके उसका खरगोश में मुखद्वारा प्रयोग कर, रक्तशर्करा पर परिणाम देखा गया। रक्तशर्करा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

को कम करने की दृष्टि से टोलब्यूटामाइड की तुलना में इसमें बहुत कम प्रभाव पाया गया।

ए. टी. मोडक एवं एम. आर. राजाराम राव, इंडि. जर. फार्मे., २८, ४, १९६६, १०५-१०६।

२४. इसके क्षाराभों का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

ए. के. भटनागर एवं एस. पी. पोपली, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, ६, १९६६, २९१-२९२।

२५. ताम्र पुष्पी वासक—इसके श्वेत पुष्प की अपेक्षा ताम्रपुष्प वाले पौधे के पत्र तथा पुष्प में राजयक्ष्मा के लिए लाभदायक गुण है। इसके अरिष्ट का प्रयोग २८ रोगियों में किया गया। इनमें से ४६% में बहुत अच्छा लाभ, २१% में अच्छा लाभ तथा १७% में सामान्य लाभ तथा १४% में संशयात्मक प्रभाव रहा।

सू. का. राय, नागा., ११, ६, १९६८, २७४-८०।

सं०—A. vasica में कोई ताम्र पुष्प भेद नहीं पाया जाता। संभव है उपर्युक्त पौधा वासक से मिलता-जुलता कोई दूसरा पौधा हो।

17. Adiantum venustum G. Don

२६. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक triterpenoid द्रव्य प्राप्त किया गया जिसकी रासायनिक संरचना निर्धारित की गयी है।

ए. जमन, ए. प्रकाश, जी. बी., एफ. बी., बी. एम., ए. एम., आइ. एम., टेट्रा. लेट., ३३, १९६६, ३९४३-३९४७।

18. Aegle marmelos or . **सं०-बिल्व**

२७. इसके तनें की छाल के रासायनिक विश्लेषण से पृथक किये गये Coumarin-Marmin की संरचना का विवेचन किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, सी. पी. दत्ता, कु. एस. भट्टाचार्य, एच. ई. ए. एवं बी. सी. दास, टेट्रा. लेट., ५, १९६७, ४७१-४७३।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२८. इसके पत्तों के विश्लेषण से प्राप्त अप्रधान क्षाराभ Aegelenine की संरचना के संबंध में विवेचन किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, कु. आर. आर. चौधरी एवं बी. सी. दास, साइन्स, कल्चर, ३३, ६, १९६७, २७९-८०।

२९. चूहों में प्रयोग से देखा गया कि इसके पत्रचूर्ण को उनके आहार में मिलाने से शारीरिक वृद्धि होती है।

बी. के. मालवीय एवं पी. एल. गुप्त, करेन्ट मेडि. प्रॅक्टि., ११, ६, १९६७, ३२६-३३८।

३०. इस प्रारम्भिक अध्ययन में बेल के पत्तों के जलीय एवं सुरासारीय सत्व का मेढक (उभयचरीय प्राणी) तथा कुत्ते (स्तनपायी प्राणी) के हृदय पर डिजिटॅलिस की तरह हृदय बलदायक (Cardiotonic) प्रभाव देखा गया।

एस. कृष्णन् हरावे, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, ३, १९६८, ३२७-३३१।

19. Aerva lanata Juss. **सं०-पाषाण भेद**

३१. इसके पंचांग का उपयोग 'पाषाण भेद' नाम से दक्षिण में किया जाता है। सिद्ध संप्रदाय के वैद्य केवल मूल का प्रयोग अधिक उपयोगी बतलाते हैं। इसके प्रतिनिधि रूप में A. tomentosa Forsk. का उपयोग किया जाता है। इसके स्थूल स्वरूप का वर्णन किया गया है। पाषाणभेद शब्द का अर्थ—जो शरीर में की पथरी आदि को बाहर निकाले—यह सिद्ध किया गया है। दूसरे अर्थ—पत्थर को तोड़कर उत्पन्न होनेवाली वनस्पति—का खण्डन किया गया है। पाषाण भेद नाम से दक्षिण में उपयोग में आनेवाली अन्य वनस्पतियों का स्थूल परिचय भी दिया गया है।

वी. नारायण स्वामी एवं उस्मान एस. अली, जर. रिस. इंडि. मेडि., भा, १ अं २, १९६७, २४२-२४९।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

20. Aerva tomentosa Forsk. **सं०-पाषाण भेद**

३२. दक्षिण में इसका प्रयोग, A. lanata के प्रतिनिधि रूप में, पाषाण भेद नाम से किया जाता है। देखें–३१।

21. Ageratum conyzoides Linn. **बंबई-उचुण्टी**

३३. केरल में संग्रहीत इस पौधे के उड़नशील तैल के रासायनिक विश्लेषण से दो नये अंश पृथक् किये गये जिनकी संरचना का भी विवेचन किया गया है।

टी. आर. कस्तूरी एवं टी. मनीथामस, टेट्रा. लेट., २७, १९६७, २५७३-२५७५।

३४. इसका पारिस्थितिकी (Ecology) एवं ऋतु जैविकी (Phenology) सम्बन्धी अध्ययन इस लेख में किया गया है। यह सभी परिस्थितियों एवं स्थानों में उत्पन्न हो सकता है। यद्यपि इसका इतिहास इसे द० अमेरिका का आदिवासी बतलाता है तथापि ऐसा मालूम होता है कि यह पौधा भारतीय है। इसके प्राप्ति स्थानों का उल्लेख भी किया गया है।

एम. एल. एच. कौल, जर. साई. रिस., बी. एच. यू., १८ (१) १९६७-६७।

22. Ailanthus excelsa Roxb. **हिंदी-महारुख**

३५. इसके पत्र एवं छाल के जलीय तथा सुरासारीय सत्वों में जीवाणु रोधी तथा कवकरोधी गुण पाये गये जिससे इसकी चर्म रोग, पाचन संस्थान के रोग तथा अन्य रोगों में उपादेयता सिद्ध होती है।

आर. पी. पटेल एवं आर. एम. अलेक्स, इंडि. जर. मेडि. साइ., २१, ४, १९६७, २२९-२३१।

23. Ailanthus malabarica D.C.

३६. इसकी राल से ९ नये triterpenoid पृथक् किये गये। इसमें

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

के प्रधान अंश Malabaricol की संरचना का निर्धारण किया गया है।

ए. चावला एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., १९६७, ४८३७-४८४३।

24. Alangium lamarckii Thwaites. **सं०-अंकोल**

३७. इसके मूल एवं काण्ड त्वक् का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है। इसमें Tubulosine नामक क्षाराभ पाया गया।

एस. एस. सालगर एवं जे. आर. मर्चेण्ट, करेंट साइन्स, ३५, ११, १९६६, २८१-८२।

३८. उपर्युक्त लेख के कुछ अंशों का खण्डन एवं कुछ संशोधन किये गये हैं।

एस. सी. पकराशी, करेंट साइन्स, ३५, १८, १९६६, ४६८-४६९।

३९. पूर्व के कार्यों द्वारा यह अनुमान हुआ कि इसके पत्र में जो शोथ-हर गुण है वह सम्भवतः किसी Steroid के कारण है। प्रस्तुत लेख इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त ४ द्रव्यों का है जिनका विवेचन किया गया है। इनमें से दो Steroid हैं एवं अन्य दो सम्भवतः Triterpenoid हैं जिन पर और आगे कार्य चालू है।

बी. दास गुप्ता एवं श्रीमती शी. शर्मा, एक्सपेरिएन्शिया, २२,१०,१९६६,६४७-४८।

४०. इसके पत्तों के सुरासारीय सत्व के जल विलेय अंश से एक Quaternary base पृथक् किया गया। इसकी क्रिया कोलीन के सदृश दिखलाई दी। इसके पूर्व (सान्याल एवं अन्य ५३, १९६५, १०५५-१०६१) सम्पूर्ण क्षाराभ का अध्ययन प्रस्तुत किया जा चुका है।

ए. के. सान्याल, बी. दास गुप्ता, एस. एस. गम्भीर एवं पी. के. दास, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५४, ११, १९६६, १०६०-१०६३।

४१. इसके क्षाराभों का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

ए. आर. बी., आर. एस. कपिल, डी. एस. बी., एस. पी. पी., जे. आर. एम., एस. एस. एस., टेट्रा. लेट., ४१, १९६६, ४९६५-४९७१।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४२. इसका रासायनिक विश्लेषण सम्बन्धी अध्ययन है।

ए. पोपेलक, ई. हैंक, एच. स्पिगलर, टेट्रा. लेट., १०, १९६६, १०८१–१०८५; ४१, १९६६, ५०७७-५०८०।

४३. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से पूर्व में कुछ क्षाराभ पृथक् किये जा चुके हैं। प्रस्तुत लेख में दो नये फेनोलिक क्षाराभों Desmethyl psychotrine एवं Alangicine के पृथक्करण का अध्ययन है।

एस. सी. पकराशी, ए. अली, टेट्रा. लेट., २३, १९६७, २१४३-२१४६।

४४. इसके मूल की छालके प्रारम्भिक अध्ययनमें पक्षियों के अस्कॅरिड्स (Poultry ascarids) का नाशक गुण पाया गया। अन्य कृमियों में इससे लाभ नहीं हुआ। इसमें विषैला प्रभाव भी पाया गया।

एम. पी. दूबे एवं इ. गुप्ता, इण्डि. जर. फीजियो. एवं फार्माको., १२, १, १९६८, २५-३१।

25. Albizzia amara o v. **हिंदी-शिरीष भेद**

४५. इसकी पत्ती, छाल तथा काष्ठ का सॅपोनिन सम्बन्धी रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इससे एक नया flavonol glycoside पृथक् किया गया।

सी. वी. आर. शास्त्री, कु. सी. रुक्मिनी एवं एल. आर. राव, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, १२, १९६७, ६१३-६१५।

26. Albizzia lebbeck Benth. **सं०-शिरीष**

४६. चूँकि इसके अन्य अनेक अंगों का रासायनिक विश्लेषण हो चुका है इसलिए इसके काष्ठसार का अध्ययन किया गया जिससे अनेक द्रव्य पृथक् किये गये।

एस. आर. गुप्त, के. के. मलिक एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमेस्ट्री, ४, ३, १९६६, १३९-१४१।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

27. Albizzia procera Benth. हिं०-सफेद शिरीष

४७. इसके बीजों से पृथक् किये गये Triterpenoid sapogenin -Proceragenin A की संरचना का निर्धारण किया गया है।

एस. राय एवं ए. राय, टेट्रा. लेट., ४६, १९६६, ५७४३-५७५०।

४८. पश्चिम बंगाल से संग्रहीत इसके बीजों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इसमें के सॅपोनिन का विश्लेषण करके ७ अंश प्राप्त किये गये।

एस. राय एवं ए. के. राय, एक्सपेरिएन्शिया, २३, ३, १९६७, १८२-१८३।

28. Alectra parasitica A. Rich. var. Chitrakutensis. हिं०-निर्गुण्डी

४९. कुष्ठ में लाभदायक इस वनस्पति के रासायनिक संगठन का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह पौधा चित्रकूट में पाये जानेवाले निर्गुण्डी गुल्म के मूल से निकलता है इसलिए इसे भी वहाँ के स्थानीय लोग निर्गुण्डी नाम से जानते हैं। इसमें ग्लाइकोसाइड नहीं पाया गया। कुछ क्षाराभ, शर्करा, स्टेरॉल, टॅनिन एवं स्नेहीय द्रव्य पाये गये।

बी. प्रसाद एवं जी. के. गोएन, सचि. आयु., १८, ८, १९६६, ७०२-७०४।

29. Allamania nodiflora Br.

५०. इसके पत्तों का चूर्ण ३००–६०० मि० ग्रा० प्रतिदिन, कुत्तों को मुख द्वारा दिया गया। प्रोथ्रॉबिन काल द्वारा देखा गया कि यह Tromexan १५० मि० ग्रा० प्रतिदिन (मुख द्वारा) की स्कन्दन रोधी क्रिया का विरोधी है।

पी. एस. आर. के. हरनाथ, एम. के. रामकृष्ण राव, के. सुनन्दाबाई, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, १२, २, १९६८, १०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

30. Alpinia galanga Willd. हि०-कुलंजन

५१. इसके सुगन्धित तैल की जीवाणुनाशक क्रिया का अध्ययन किया गया है। साथ में तुलनात्मक अध्ययन पिप्पली आदि का है।

ए. के. भार्गव एवं सी. एस. चौहान, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, ६, १९६८, १५०-१५१।

31. Alstonia neriifolia D. Don.

५२. इसके काण्ड की छाल के रासायनिक विश्लेषण से दो क्षाराभ Nerifoline एवं Echitamine पाये गये। इनके अतिरिक्त lupeol एवं β-amyrin भी पृथक् किये गये।

एस. के. राय एवं ए. चटर्जी, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, १, १९६८, २१-२२।

32. Alstonia scholaris R. Br. सं०—सप्तपर्ण

५३. इसकी छाल एवं मूलत्वक् को छोड़कर अन्य भागों का रासायनिक अध्ययन किया जा चुका है। प्रस्तुत लेख इसके मूल एवं मूलत्वक् के रासायनिक विश्लेषण से पृथक्कृत Echitamine chloride के संबंध में है।

एस. के. तलपत्रा एवं श्रीमती बी. तलपत्रा, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४४, ७, १९६७, ६३९-६४०।

५४. इसके मूल एवं मूलत्वक् से पृथक् किये गये उदासीन सघटकों (neutral constituents) का विवेचन किया गया है।

एस. के. तलपत्रा, एस. सेन गुप्त, कु. एस. बनर्जी एवं श्रीमती बी. तलपत्रा, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, १२, १९६८, ११८३-११८५।

33. Alstonia venenata R. Br.

५५. इसके फलों से पृथक किये गये दो नये indole alkaloid का

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रासायनिक स्वरूप प्रस्तुत किया गया है। इनमें से एक Echitovenidine तथा दूसरा (+)-minovincinine है।

बी. दास, के. बी., श्रीमती ए. चटर्जी, ए. बी. आर. एवं पी. एल. एम., टेट्रा. लेट., २२, १९६६, २४८३-२४८६।

५६. इसके फलों से पृथक् किये गये एक नये monoterpenoid alkaloid-Venoterpine का विवेचन है।

ए. बी. आर. एवं श्रीमती ए. चटर्जी, टेट्रा. लेट., २३, १९६८, २७६३-२७६६।

34. Ammannia baccifera Linn. **हि०-अगिया, दादमारी**

५७. केरल के वैद्य इसके पंचांग का प्रयोग पाषाणभेद नाम से करते हैं। यह पथरीली भूमि में उत्पन्न नहीं होता किन्तु जलीय स्थानों में होता है जो पाषाणभेद शब्द का अर्थ–'जो शरीर की पथरी को तोड़कर बाहर निकाले' सिद्ध करता हैं। इसका स्थूल परिचय भी दिया गया है। देखें–३१

35. Amoora rohituka W. &. A.

देखें–६७-७१।

36. Anagallis arvensis Linn. **हि-जोंखामारी**

५८. इसके काण्ड के क्वाथ में गर्भाशय बलदायक (uterotonic) क्रिया पाई गई।

एम. बी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एन. मिश्रा, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६०।

37. Ananas comosus Merr. **हि०-अनानास**

५९. इसके फलों के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन-

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रोधी (Antifertility) क्रिया नहीं पाई गई।

यू. पी. बसु, बी. भादुरी एवं वी. के. मोझा, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २९१।

38. Anchusa strigosa Labill. **हि०-गुलेगावजवां, तुख्मेगांवजवां**

६०. कादरी एवं हमीद (१९६२) ने लिखा है कि गांवजवां नाम से भारतीय बजार में बिकनेवाले पत्र शायद Anchusa strigosa Labill. से प्राप्त होते हैं। इन्होंने गांवजवां के पुष्प (गुले गां०) तथा बीजों (तुख्म गां०) का उल्लेख नहीं किया है जिन्हें कुछ हकीम अधिक महत्व देते हैं। लेखक ने अनेक नमूनों का अध्ययन कर यह देखा कि तुख्म गांवजवां तो A. strigosa के बीज हैं, किन्तु गुलेगांवजवां Echium amoenum Fisch. नामक पौधे के पुष्प हैं। यह पुष्प बैंगनी, घंटिकाकार, रोमश, ३-४ से० मी० बड़े एवं अनियमित दलपत्र वाले होते हैं। अनेक पुस्तकों में गुले गांवजवां को Onosma bracteatum Wall. से प्राप्त लिखा है जो इस परीक्षण से मेल नहीं खाता।

आर. वी. सिठोले, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, ७, १९६८, १६७।

39. Andrachne aspera Linn. **हि०-भारतीय सेनेगा**

६१. अनेक विद्वानों ने भारतीय सेनेगा (Indian Senega) यह Polygala की जाति को लिखा है किन्तु बाद में अन्य विद्वानों ने उपर्युक्त A. aspera को भारतीय सेनेगा कहा है। इसलिए उपर्युक्त पौधे के मूल का गुणकर्मात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इसमें का क्षाराभ कुत्ते एवं बिल्ली के श्वसन तथा रक्त दबाव को उत्तेजित करता है। विभिन्न प्राणियों की अनैच्छिक मांसपेशियों पर इसका उद्वेष्टन निरोधी प्रभाव है। यह जीवाणु विरोधी होते हुए भी विषैला नहीं है।

एच. आर. देरासरी, जे. एच. खालसा, इण्डि. जर. फार्मे. २८, ९, १९६६, २३७-२४०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

40. Andrographis paniculata Nees. हिं०-कालमेघ

६२. इसमें के कार्यकारी तत्व Andrographolide की परिमापन की सुधारी हुई विधि का उल्लेख है तथा साथ में इसके सत्व के निकालने की अच्छी विधि का उल्लेख है।

पी. बी. तालुकदार, एस. बनर्जी, पी. के. चटर्जी एवं ए. के. दत्ता, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ६, ७, १९६८, ३५९-३६३।

41. Angelica archangelica Linn.

६३. इसके मूल का रासायनिक विश्लेषण पूर्व में किया गया है। इसमें बीज का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। अन्य द्रव्यों के अतिरिक्त इसमें एक ग्लाइकोल Oxypeucedanin hydrate प्राप्त किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, ए. चक्रवर्ती एवं आर. मुखर्जी, जर. इण्डि. केमिक. सोसा., ४४, २, १९६७, ११०-११४।

६४. इसके मूल से पृथक् किए ४ furocoumarins का अध्ययन है।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं श्रीमती एस. दत्ता, इण्डि. जर. केमि., ६, ८, १९६८, ४१५-४२१।

६५. इमके रासायनिक पृथक्करण से एक Ostruthol नामक lactonic अंश पृथक् किया गया।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं श्रीमती एस. दत्ता, साइन्स, कल्चर, ३४, ११, १९६८, ४६०-४६१।

42. Annona squamosa Linn. हिं०—शरीफा

६६. इसके काण्ड एवं पत्तों के क्वाथ में कुत्ते के गर्भाशय को छोड़कर अन्य पृथक्कृत गर्भाशयों पर बल्य (uterotonic) प्रभाव है।

एम. बी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एन. मिश्रा, इण्डि. जर. फीजियो-फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

43. Aphanamixis polystachya (Wall.) Parker; Syn. Amoora rohituka W. & A. हिं०-रोहडा

६७. प्राणियों में प्रयोगों द्वारा देखा गया कि इसका कार्य अन्य कैन्सर विरोधी औषधियों के समान है।

प्र. ज. देशपाण्डे, जे. डी. गोडे, जी. सी. प्रसाद, करेंट मेडि. प्रॅक्टि., १९६५, २५३।

६८. वास्तविक रोहितक की छाल के साथ इसके छाल का अध्ययन दोनों को पहिचाननें की दृष्टि से किया गया है। देखें–६५१।

६९. इसके कड़वे फल के छिलके के रासायनिक विश्लेषण से एक नया Triterpene--Aphanamixin पृथक् किया गया है जिसकी संरचना तथा विन्यास रसायन का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं ए. बी. कुण्डु, टेट्रा. लेट., १६, १९६७, १४७१-१४७६।

७०. चूहों में कृत्रिम रूप से उत्पन्न Lymphatic leukaemia (रुधिर श्वेताणु मयता) में इसके सत्व का अध्ययन किया गया है। प्रारम्भिक अध्ययन में आशाजनक परिणाम देखे गये।

गु. च. प्रसाद एवं प्र. ज. देशपाण्डे, जर. रिस. इण्डि. मेडि., ३, १, १९६८, ३६-४२।

७१. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से एक रवेदार पदार्थ Aphanamixol पृथक् किया गया है जो diterpene alcohol है।

एस. चन्द्रशेखर एवं टी. चक्रवर्ती, जर. इण्डि. केमिक. सोसा., ४५, ३, १९६८, २०८-२१२।

44. Apium graveolens Linn. सं०-अजमोदा

७२. चूहों के केन्द्रीय वातनाडी सस्थान पर इसके सुगन्धी तैल का अध्ययन किया गया। १८०° से २६५° श० तक तापक्रम में पृथक्कृत अंश में

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सबसे अधिक तीव्रता पाई गई। इसमें सौमनस्यकारक (Tranquillizing) तथा आक्षेपरोधी गुण पाये गये तथा विषाक्तता की सम्भावना भी कम है।

आर. पी. कोहली, पी. आर. दुवा, के. शंकर एवं आर. सी. सक्सेना., इडि. जर. मेडि. रिस., ५५, १०, १९६७, १०९९-११०२।

७३. प्रस्तुत शोधपत्र में इसके तेल के नाइट्रोजन तथा नाइट्रोजन विरहित अंशों के केन्द्रीय प्रभाव का अध्ययन है, जिनमें से नाइट्रोजन अंश में क्रियाशीलता पाई गई। यह शामक एवं सौमनस्यकारक है।

वी. के. कुलश्रेष्ठ, आर. सी. सक्सेना एवं आर. पी. कोहली, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार, ३७।

45. Argemone mexicana Linn. सं०-स्वर्णक्षीरी; हिं०-भडभाड

७४. इस शोधपत्र में इसकी अफीम (Chicalote opium) में मॉर्फीन जैसी क्रिया होने का खण्डन है तथा इसका भी खण्डन है कि पोस्ते के साथ इसका संकर (hybrid) उत्पन्न किया जा सकता है और उसमें मॉर्फीन के गुणधर्म हो सकते हैं। मस्तिष्क संस्थान पर इसके प्रभाव के सूक्ष्म अध्ययन की आवश्यकता बतलाई गई है।

ह्वी. ई. टी., लायडिया, २९, ४, १९६६, २७८–२७९।

७५. इसके वर्गीकरण का इतिहास, लेटिन नाम की व्युत्पत्ति, विभिन्न भाषाओं के नाम एवं इसके स्वरूप में परिस्थिति के अनुसार होनेवाले परिवर्तनों का विवेचन किया गया है। यद्यपि यह अनेक प्रकार की परिस्थितियों में हो सकता है तथापि यह नई जमी हुई मिट्टी में एवं खुले स्थानों में अधिक अच्छा होता है। Argema का अर्थ मोतियाबिन्द है जो सम्भवत: इसकी नेत्र रोगों में उपयोगिता को इंगित करता है।

एम. एल. एच. कौल, जर. साइ. रिस., बी. एच. यू.. १८ (१) १९६७–६८।

46. Aristolochia indica Linn. हिं०-ईश्वर मूल

७६. इसमें अन्य वैज्ञानिकों द्वारा पाये गये क्षाराभ Aristolochine के रासायनिक स्वरूप का निर्धारण किया गया, जो कि 1-Curine है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

टी. आर. गोविन्दचारी एवं एन. विश्वनाथन, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, १२, १९६७, ६५५।

७७. इसके स्वरस का गर्भाशय पेशी पर शामक प्रभाव पड़ता है। देखें–५३७।

47. Arnebia nobilis Resh. f. हिं०-रतनजोत

७८. उपर्युक्त पौधे की जड़ भी रतनजोत के नाम से बिकती है। इसका महत्व इसलिए बढ़ गया है कि इसमें का रंजक तत्व भोज्य पदार्थों के रंजन के लिए स्वीकृत किया गया है। इसके विभिन्न सत्वों की जीवाणु एवं कवक विरोधी क्षमता का अध्ययन किया गया है। साक्सलेट यंत्र द्वारा निकाले सुरासारीय सत्व में सबसे अधिक प्रभाव देखा गया जबकि शीत सुरासारीय सत्व में सबसे कम। जलीय सत्व में मध्यम स्वरूप का प्रभाव रहा। सभी सत्वों में ग्रामत्यागी जीवाणुओं की अपेक्षा ग्रामग्राही जीवाणुओं पर अधिक प्रभाव रहा।

आर. पी. पटेल एवं आर. एन. पटेल, इण्डि. जर. फार्मे., २८, ११, १९६६, ३०२–३०४।

48. Artabotrys odoratissimus R. Br. हिं०-हराचंपा

७९. चूहों में प्रयोग करने पर इसके पत्तों में गर्भ निरोधक गुण पाया गया। यह निरापद है तथा इसका प्रभाव दीर्घकालिक है।

बी. चक्रवर्ती, आ. चौधरी एवं प. रा. चौधरी, जर. इण्डि. मेडि. एसो. ५१, ५, १९६८, २२७–२२९।

49. Artemisia brevifolia Wall.

८०. चकराता में उपज किये गये इन पौधों में की Santonin की मात्रा का अध्ययन किया गया है जिसमें परिस्थिति तथा आयु आदि से परिवर्तन देखा गया है।

एच. सेठी, बी. के. शर्मा एवं आर. एम. वेरी, इण्डि. फारे., ९२, ९, १९६६, ५८३–५८५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

50. Artemisia roxburghiana.

८१. इसके पंचांग के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन रोधी क्रिया नहीं पाई गई । देखें–५९ ।

51. Artemisia scoparia Waldst & Ki . पं०-दौना

८२. इसके पुष्पित अग्रों में हलके पीले रंग का ०·५% उड़नशील तेल पाया गया जिसका अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । इस तैल में अन्य द्रव्यों के अतिरिक्त ३०% eugenol रहता है जो एक महत्व का द्रव्य है ।

आर. के. थापा, वी. एन वशिष्ट एवं सी. के. अटल, सार, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८३ ।

52. Artemisia vulgaris Linn. सं०-दमनक

८३. इसके पेट्रोलियमईथरीय सत्व से एक नया Pentacyclic alcohol Fe nenol पृथक् किया गया तथा उसके स्वरूप का निर्धारण किया गया ।

एस. के. कुण्डू एवं श्रीमती ए. चटर्जी, टेट्रा. लेट., १०, १९६६, १०४३-१०४७ ।

८४. इसके फलों के उष्ण जलीय सत्व (क्वाथ) का अध्ययन गर्भाशय संकोचक गुण तथा अन्य गुण कर्म जैसे—हृदय, आंत्र, रक्तदबाव, श्वसन, मांशपेशी, मानसिक क्रियाएँ एवं कृमि पर प्रभाव की दृष्टि से किया गया । इसमें सौम्य गर्भाशय संकोचक क्रिया पाई गई । प्राणियों में हृद् उत्तोजक, आंत्र संकोचक एवं रक्त दबाब वर्धक क्रियाएँ देखी गईं तथा मानसिक कार्यों पर कोई प्रभाव नहीं पाया गया ।

एम. बी. मिश्रा, एस. डब्लू. सिंग, आर. के. मिश्रा एवं एस. एस. मिश्रा, इण्डि. जर. मेडि. साइ., २२, ३. १९६८, १४१-१४३ ।

53. Artocarpus heterophyllus Lam. सं०-पनस

८५. इसके काष्ठ सार के रंजक द्रव्यों के अध्ययन के सम्बन्ध में यह चतुर्थ लेख है ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पी. वी. राधाकृष्णन् एवं ए. वी. रामाराव, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ९, १९९६, ४०६-४१२ ।

54. Asparagus racemosus Linn. **सं०-शतावरी**

८६. इसके अनेक सत्वों का अध्ययन स्तनश्राव एवं अन्तश्रावी ग्रंथियों पर प्रभाव की दृष्टि से किया गया । इससे स्तन एवं स्तन्य वृद्धि होती है ।

पी. वी. सबनीस एवं वी. वी. गायतोंडे, १८ वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, सार, इण्डि. जर. फार्मे, २८, १२, १९९६, ३४१ ।

८७. शतावरी मूल के विभिन्न निःस्सारों का प्राणियों में अध्ययन किया गया । प्रायः सभी की क्रिया मस्कॅरिनधर्मी (Muscarinic) पाई गई । सुरासारीय निस्सार में गर्भाशय संकोच निरोधी क्रिया पाई गई एवं इसमें स्तन वृद्धिकर प्रभाव भी होता है ।

एम. एच. जेत मलानी, पो. वी. सबनीस, एवं वी. वी. गायतोंडे, जर. रिस. इण्डि. मेडि., २, १, १९९७, १-१० ।

८८. इसके मूल के सुरासारीय अपरिष्कृत सत्व को मांसपेशी द्वारा चूहों में विभिन्न अवस्थाओं में दिया गया । इससे स्तन ग्रन्थि तथा गर्भाशय का वजन बढ़ा । स्तन एवं स्तन्य वृद्धि सम्भवतः इसके द्वारा उन्मुक्त कोर्टिकॉयड या पोलॅक्टिन के कारण हो सकती है ।

पी. वी. सबनीस, वी. वी. गायतोंडे एवं माया जेटमलानी, इण्डि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ६, १, १९६८, ५५-५७ ।

८९. इसके विभिन्न अंगों के रासायनिक विश्लेषण का संक्षेप में उल्लेख किया गया है ।

एस. एस. सुब्रह्मनियन, करेंट साइन्स, ३७, १०, १९६८, २८७–२८८ ।

९०. इसके ३ सत्वों-सुरासारीय, सुरासार जलीय तथा ग्लाइकोसाइड अंश का प्रारम्भिक गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है ।

आर. एन. राय, एस. आर. चह्राण, एस. भगवागेर, एन. के. दत्ता एवं एस-एन. ऐय्यर, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८९-२९० ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

55. Astercantha longifolia Nees. सं०-कोकिलाक्ष

९१. इसके पंचाग के रासायनिक विश्लेषण से Stigmasterol, lupeol एवं कुछ अन्य द्रव्य प्राप्त किये गये ।

सी. कासिम एवं एन. एल. दत्ता, इण्डि. जर. केमिक. सोसा,, ४४, १, १९६७, ८२-८४ ।

56. Atropa acuminata Royle.

९२. देखें–२६२ ।

57. Azadirachta indica A. Juss. सं०-निंब

९३. निम्ब तैल के प्रमेहघ्न गुण का अध्ययन १० रोगियों पर किया गया । यह देखा गया कि स्थूल वर्ग के मधुमेही रोगियों में इससे लाभ हुआ किन्तु कृशवर्गीय रोगियों में इससे लाभ नहीं हुआ ।

जे. के. ओझा, रा. सु. सिंह एवं रा. कृ. गुप्त, सचि. आयु., १९, ८, १९६७, ६५१–६५२ ।

९४. इसके गोंद में नत्रजनीय योगों की पहचान की गई एवं इससे D- glucosamine पृथक् किया गया जो इसमें २·९४% है । इस लेख में अन्य ९ प्रकार के गोंदों का भी अध्ययन amino sugar की दृष्टि से किया गया है किन्तु उनमें यह नहीं पाया गया ।

एस. उषा लक्ष्मी एवं टी. एन. पट्टाबिरमन, इडि. जर. बायोकेमि., ४, ३, १९६७, १८१–१८३ ।

९५. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से Quercetin एवं β- sitosterol पृथक् किये गये । Quercetin की जीवाणुरोधी क्रिया प्रसिद्ध है ।

एस. पी. बासक एवं डी. पी. चक्रवर्ती, जर. इण्डि. केमिक. सोसा., ४५, ५, १९६८, ४६६-४६७ ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

58. Bacopa monnieri (Linn.) Pennell; Syn. Herpestis monniera Linn. H. B. &. K. **सं०-ब्राह्मी (वंगीय)**

९६. पहले इसमें के दो सॅपोनिन Bacoside A तथा Bacoside B में से A के स्वरूप का विवेचन किया जा चुका है। इस लेख में Bacoside B के रासायनिक स्वरूप का विवेचन है।

श्रीमती एन. बसु,, आर. पी. रस्तोगी एवं एम. एल. धर, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, २, १९६७, ८४-८६।

९७. इसमें सौमनस्यकारक (Tranquillizing) गुण पाया गया किन्तु यह क्लोरप्रोमेजीन से बहुत कम था।

डी. के गांगूली एवं सी. एल. मल्होत्रा, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५५, ५, १९६७, ४७३-४८२।

९८. इसके एक अंश Hersaponin का अध्ययन मस्तिष्क के ऊपर उसके प्रभाव के लिए किया गया। विभिन्न प्रयोगों से इसके सौमनस्यकारक गुण का अध्ययन किया गया।

डी. के. गांगूली एवं सी. एल. मल्होत्रा. इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, १, १९६७, ३३-४३।

९९. प्राणियों में इसके सुरासारीय सत्व का मानसिक प्रभाव सम्बन्धी अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह शामक है किन्तु स्ट्रिकनीन या मेट्राझोल के आक्षेपजनन प्रभाव को रोकने में समर्थ नहीं है। मेट्राझोल के मारक प्रभाव के काल को यह बढ़ाता है। यह सेमीकार्बाझाइड के आक्षेपजनन एवं मारक कार्यों को पूर्णतया निष्प्रभावी करता है। यह 'स्वाभाविक करण्डू प्रत्यावर्त' को कम करता है तथा मेस्कालीन के करण्डूजनन कार्य को रोकता है।

पी. क़ें. दे. एवं बी. कें. चटर्जी, जर. रिस. इण्डि. मेडि., ३, १, १९६८, ९-१८।

59. Barringtonia acutangula (Linn.) Gaertn. **हि०-हिज्जल**

१००. इसके फलों एवं काष्ठसार का रासायनिक अध्ययन किया जा चुका है। इसकी शाखाओं से दो नये Triterpene प्राप्त किये गये जिनका अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

ए. के. बरुआ, एस. पी. दत्ता एवं एस. के. पाल, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४४, ११, १९६७, ९९१-९९३।

१०१. इसके काष्ठ के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त अनेक द्रव्यों के अतिरिक्त एक Triterpene-Tanginol की संरचना का विवेचन किया गया है।

सी. एस. पी. शास्त्री एवं एल. आर. राव, टेट्रा., २३, १९६७, ३८३७-३८४६।

१०२. इसकी शाखा से एक Triterpene diacid–Acid A प्राप्त किया गया है।

ए. के. बरुआ, एस. के. पाल. एवं एस. पी. दत्ता, साइन्स, कल्चर, ३४, ६, १९६८, २५९-२६०।

१०३. इसके फलों से प्राप्त नये Triterpenoid sapogenin-Barringtogenol B की संरचना का अध्ययन है।

ए. के. बरुआ, एस. पी. दत्ता एवं बी. सी. दास, टेट्रा., २४, १९६८, १११३-१११७।

60. Bassia butyracea Roxb. हिं०-फलवारा

१०४. चूँकि इसकी छाल कड़वी तथा कषाय होती है इसलिए इसका रासायनिक विश्लेषण किया गया। इसमें तीन ग्लाइकोसाइड पाये गये।

द. कुमारी, एस. के. मुकर्जी एवम् टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३५, ९, १९६६, २२३-२२४।

61. Bauhinia purpurea Linn. हिं०-कचनार

१०५. इसके पुष्पों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। चिकित्सा में इनका लाभप्रद प्रभाव सम्भवतः इनमें के ग्लूकोसाइड के कारण है।

आर. रामचन्द्रन् एवम् बी. सी. जोशी, करेंट साइन्स, ३६, २१, १९६७, ५७४-७५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

62. Berberis Sp. **सं०-दारूहरिद्रा**

१०६. बर्बेरीन क्षाराभ जो दारुहरिद्रा से प्राप्त किया जाता है, विसूचिका की चिकित्सा में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। विसूचिका कृमियों के जिस अंश से अतिसार के लक्षण होते हैं सम्भवतः उस द्रव्य को यह क्षाराभ निष्प्रभावी करता है। यह क्लोरॅम्फेनिकॉल से अधिक अच्छा है। मात्रा—५० मि० ग्रा० प्रारम्भ में, फिर प्रत्येक ८ घंटे पर ६ बार, फिर प्रत्येक १२ घटे पर पांचवें दिन तक या ठीक होने तक। यह लवण-जल चिकित्सा के साथ बहुत उपयोगी है।

२५१. इसके भारतीय भेद के उड़नशील तैल के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त sesquiterpenoids का विवेचन किया गया है। इनमें से कुछ की संरचना का निर्धारण किया गया जिनमें से एक Cyperolone से मिलता है जो कि जापान में होनेवाले पौधे के मूल में पाया गया है।

वी. एच. कपाडिया, वी. जी. नाइक, एम. एस. वाडिया एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., ४७, १९६७, ४६६१-४६६७।

162. Cyperus scariosus R. Br. हिं०-नागरमोथा

२५२. इसके मूल के उड़नशील तैल के सुरासारीय अंश से Cyperenol एवं Patchoulenol नामक दो नये sesquiterpene alcohol प्राप्त किये गये जिनकी रासायनिक संरचना का अध्ययन है।

एस. बी. नेराली एवं के. के. चक्रवर्ती, टेट्रा. लेट., २६, १९६७, २४४७-२४४९।

163. Dalbergia lanceolaria Linn. f. हिं०-गौरख

२५३. आमवात के विभिन्न प्रकार के रोगियों को गौरख का अवलेह दिया गया जिससे पर्याप्त लाभ देखा गया।

सु. ना. त्रिपाठी एवं के. पी. शुक्ला, जर. मेडि. साइ., ५, १, १९६४, ७५-८९।

२५४. चूहों में फार्मेलीन द्वारा कृत्रिम रूप से उत्पन्न किये गये सन्धि-शोथ में इसका उपयोग किया गया जिसमें देखा गया कि इससे शोथ कम होता है यद्यपि यह लाभ आधुनिक औषध जैसे कॉर्टिजोन या ब्यूटॅझोलिडिन की तुलना में कम रहा।

गो. ना. चतुर्वेदी एवं रा. ह. सिंह, जर. मेडि. साइ., ५, १, १९६४, ६९।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२५५. चिकित्सा के उपर्युक्त परिणामों की पुष्टि के साथ ही इस शोध-पत्र में, चूहों में उत्पन्न किये गये सन्धिशोथ पर इसके विभिन्न निःसारों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। स्थूल औषध तथा इसके पेट्रोलियम ईथर निःसार से त्वरित लाभ होता है। फेनिलब्यूटॅझोन की तुलना में इससे अच्छा लाभ रहा। क्लोरोफार्म तथा सुरासारीय निःसारों में कुछ लाभ रहा। जलीय निःसार में कोई प्रभाव नहीं देखा गया।

प्रे. किशोर एवं सु. ना. त्रिपाठी, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, १, १९६६, २९-४६।

२५६. इसके ईथर, सुरासार तथा जलीय सत्वों में कुछ सन्धिशोथ हर गुण पाया गया।

रा. ह. सिंह एवं गो. ना. चतुर्वेदी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५४, ४, १९६६, ३६३-३६७।

२५७. इसके पुष्प एवं पत्रों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इसमें के उपयोगी अंश ψ Baptigenin को पृथक् किया गया जो पत्र में अधिक है।

ए. महोत्रा, वी. वी. एस. मूर्ति, टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३६,१८, १९६७, ४८४-४८५।

२५८. इसके जड़ की छाल से एक नया Isoflavone glycoside—Lanceolarin पृथक् किया गया एवं इसकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

ए. महोत्रा, वी. पी. एस. मूर्ति एवं टी. आर. शेषाद्रि, टेट्रा., २३, १९६७, ४०५-४०९।

२५९. इस परीक्षण में प्रोफेसर टी. आर. शेषाद्रि द्वारा पृथक्कृत इसके एक प्रभावशाली घटक का अध्ययन किया गया। चूहों तथा रोगियों में प्रारम्भिक परीक्षण परिणामों को देखकर यह कहा जा सकता है कि यह प्रभावशाली शोथहर द्रव्य है तथा इसमें कोई विषाक्तता नहीं है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सु. ना. त्रिपाठी, प्रे. किशोर, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६७, १५५-१६६।

164. Dalbergia latifolia Roxb.

२६०. इसके काष्ठसार से पृथक् किये गये विशिष्ट द्रव्य Latifolin के विन्यास रसायन (Stereochemistry) का विवेचन किया गया है।

द. कुमारी, एस. के. मुकर्जी एवं टी. आर. शेषाद्री, टेट्रा. लेट., ३१, १९६६, ३७६७-३७७२।

165. Dalbergia sissoo Roxb. सं०-शिंशप

२६१. इसके पत्तों से एक नया Isoflavone glycoside–Sissotrin पृथक् किया गया है।

ए. बनर्जी, बी. बी. एस. मूर्ति एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, २, १९६६, ७०-७२।

166. Datura and other sp. of Solanaceae. हिं०-धुस्तूरवर्ग के पत्र

२६२. प्रस्तुत लेख में निम्नलिखित ७ वनस्पतियों के पत्तों के लंब-ऊतक अनुपात, शिराद्वीपक संख्या, शिरान्तक संख्या तथा कॅल्शियम आक्जेलेट स्फटिकों के सम्बन्ध में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है जिनसे इनकी पहचान आसानी से हो सकती है। इसकी आवश्यकता इसलिये है कि इनमें समान स्वरूप के रासायनिक सत्व होने के कारण बजार में इनका मिश्रण किया जाता है। 1. Datura innoxia Mill., 2. D. metel Linn. (green), 3. D. metel (purple), 4. D. meteloides Dunal, 5. D. stramonium Linn., 6. Atropa acuminata Royle, 7. Hyocyamus niger Linn.

प्रतापसिंह, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ६६-७०।

167. Datura innoxia Miller सं०-धुस्तूर

२६३. इसके बीजों को ५% एथिल अल्कोहल में ३५° श० पर ४५ मिनट

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भिगोंकर फिर बोने से उनमें बहुगुणता (Polyploidy) आती है जिससे क्षाराभ की मात्रा भी बढ़ती है।

प्र. सिंग एवं बी. एल. कौल, इंडि. जर. एक्स्पे. बायो., ५, २, १९६७, १२८।

२६४. इसकी वृद्धि तथा इसमें के क्षाराभ की मात्रा पर indoleacetic acid का क्या प्रभाव पड़ता है इसका अध्ययन किया गया है।

ए. एस. सिनहा एवं के. सी. वर्मा, सार, २०वीं फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८५।

168. Datura metel var. fastuosa हिं०-धतूरा

२६५. धतूरा के पौधे पर विभिन्न वनस्पति-हार्मोन के प्रभाव का अध्ययन उसकी वृद्धि एवं क्षाराभ की मात्रा की दृष्टि से किया गया।

सी. एस. शाह एवं ए. एन. सावजी, १८वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मे., २८, १२, १९६६, ३३९।

169. Daucus carota Linn. हिं०-गाजर

२६६. इसके बीजों के जलविलेय सुरासारीय सत्व के गुणकर्मों का अध्ययन प्राणियों में किया गया हैं। इसमें क्षाराभ पाये गये। प्रारम्भिक अध्ययन में इसके कार्यों से यह मालूम होता है कि इसमें कोलीनधर्मी (cholinergic) तथा पेपेह्वरीन सदृश कार्य करने वाले अंश हैं तथा सम्भवतः हृदय बलकारक अंश भी है।

एस. एस. गंभीर, ए. के. सान्याल, एस. पी. सेन, एवं पी. के. दास, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५४, २, १९६६, १७८-१८७।

२६७. उपर्युक्त द्रव्य से दो प्रकार के Quaternary base पृथक् किये गये जिनका अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इनमें से प्रथम बेस I क्लोराइड में कोलीनधर्मी क्रिया पाई गई ; दूसरे बेस II की अभी पहिचान नहीं की जा सकी है।

एस. एस. गंभीर एवं अन्य, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५४, ११, १९६६, १०५३-१०५६।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२६८. इसमें नाड़ी संस्थान के लिये एक विषैला अंश Carota toxin पाया गया जिसकी परीक्षा एक विशिष्ट जीवाणु Daphnia magna straus एवं चूहे पर की गई। इसकी संरचना का भी निर्धारण किया गया है। एक किलो से २ मि० ग्रा० यह अंश पाया गया। इसकी विषाक्तता (एल. डी. ५०) १०० मि० ग्रा० प्रति १०० किलो ग्राम देखी गई।

डी. जी. क्रासबी. एवं एन. एहारोन्सन, टेट्रा., २३, १९६७, ४६५-४७२।

२६९. इसके और अध्ययन से इसमें से एक Tertiary base अलग किया गया। इसमें अनैच्छिक मांसपेशी पर शिथिल कर प्रभाव पाया गया। यह कार्य पेपेह्वरीन की अपेक्षा १०-१५ गुना कम तीव्र रहा।

एस. एस. गंभीर, एस. पी. सेन, ए. के. सान्याल, एम. के. रैना एवं पी. के. दास, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार ३५।

170. Delonix regia (Boj) Raf.

२७०. इसकी छाल का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसके सुरासारीय सत्व से Lupeol एवं β—sitosterol पृथक् किये गये।

एस. राय एवं पी. सेनगुप्त, जर. इंडि. केमिक. सोसाइ., ४५, ५, १९६८, ४६४-४६५।

171. Delphinium denudatum Wall. हिं०-जद्वार

२७१. विषनाशक द्रव्य के रूप में जद्वार (निर्विषी) बहुत प्रसिद्ध है। अनेक विद्वानों ने इसका वानस्पतिक स्रोत उपर्युक्त पौधा लिखा है। अन्य विद्वानों ने इस वंश (genus) की अन्य वनस्पतियों जैसे—D. kashmirianum Royle एवं D. pauciflorum को इसका स्रोत बतलाया है। कुछ ने विषहीन Aconite की जातियों को जद्वार लिखा है। प्रस्तुत अध्ययन में अनेक स्थानों से संग्रहीत जद्वार नाम से बिकनेवाले द्रव्यों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया एवं इनकी तुलना D. denudatum के वास्तविक मूल से की गई। यह पाया गया कि बजार का जद्वार इससे मेल नहीं खाता। सम्भवतः

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बजार का जद्वार किसी Aconite का मूल है किन्तु Stapf (१९०५) द्वारा निश्चित किये गये इसके किसी भी भेद से यह मिलता नहीं ।

पी. एन. मेहरा एवं एच. एस. पुरी, सार, २०वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २९५-२९६ ।

172. Derris uliginosa Benth. सं०-पानलता

२७२. इसका स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण किया गया है । विभिन्न ऋतुओं में संग्रहीत नमूनों में Rotenone की मात्रा का भी अध्ययन है । यह द्रव्य इसके मूल में नवम्बर से फरवरी तक सबसे अधिक पाया जाता है ।

ए. नन्दी, बी के. गुप्त एवं डी. के. संत्रा, सार, २०वीं इंडि. फार्मे, कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८४ ।

२७३. उपर्युक्त पौधे में जल-सम्वर्ध पद्धति से, नत्रजन एवं क्षारीयता की विभिन्न मात्रा का उसमें के Rotenone की मात्रा पर क्या प्रभाव पड़ता है इसका अध्ययन किया गया है । यह देखा गया कि इनको बढ़ाने से Rotenone की अधिक प्राप्ति होती है ।

देखें–२७२ ।

173. Desmodium gangeticum DC. सं०-शालपर्णी

२७४. इसमें के Indole क्षाराभों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । इसमें संपूर्ण क्षाराभ की मात्रा सूखे द्रव्य (०·०१–०·०३%) की अपेक्षा ताजे द्रव्य में तिगुनी पायी गई ।

एस. घोषाल एवं पी. के. बनर्जी, सार, २०वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८१ ।

174. Digitalis lanata Ehrh. हिं०-हृत्पत्री

२७५. इसके पत्तों को कमरे में सूखने देने से प्रथम २४ घंटों में इसमें सत्व की मात्रा बढ़ती है तथा वजन में ५०-६०% की कमी होती है जो आर्द्रता

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कम होने के कारण है। इसमें सत्व की मात्रा बढ़ने के लिये एक निश्चित ताप पर इसकी आर्द्रता निकल जाना आवश्यक है। पत्तों को तोड़ने के बाद तुरन्त अधिक उष्णता से सुखाया जाय या वाष्प संपृक्त हवा में सुखाया जाय तो इनके सत्व में वृद्धि नहीं होती।

एम. कुसेरा, एफ. स्टेरी एवं जे. पित्रा, प्लॅन्टा मेडि., १६, १९६८, २, १३७-१४२।

175. (i) Dillenia pentagyna Roxb. (Fam. Dilleniaceae)
मलाबार नागकेशरम्

(ii) Cinnamomum wightii Meisn. (Fam. Lauraceae)
नाट्टु नागकेशरम्, सिरुनगप्पु

२७६. दक्षिण भारत के बजार में नागकेशर (सं०) के स्थान पर जो दो द्रव्य बिकते हैं उनके वानस्पतिक स्रोत का पता उनके स्वरूप के आधार पर लगाया गया है। इनमें से प्रथम के फलों का उपयोग मद्रास तथा केरल में किया जाता है जिन्हें वहाँ मलाबार नागकेशरम् कहा जाता है। इनका संग्रह केरल मे प० घाट तथा दक्षिण कनारा के जंगलों से किया जाता है। यह ५ स्थायी एवं वर्धनशील पुष्प बाह्यदलों से आवृत रहते हैं। बाह्यदल भूरे रंग का तथा सिकुड़नदार होता है जिसके अन्दर पञ्चकोष्ठीय फल होता है जिसके प्रत्येक कोष्ठ में ३-६ काले बीज होते हैं। इनमें कोई विशिष्ट गंध नहीं होती तथा इनका स्वाद कुछ मधुराभ तथा पिच्छिल रहता है।

दूसरे के कोमल फलों का प्रयोग तमिलनाड तथा सिद्ध सम्प्रदाय के वैद्य करते हैं जिन्हें नाट्टु नागकेशरम् (या सिरुनगप्पु) कहा जाता है। इनका संग्रह तमिलनाड के पलानी एवं निलगिरी पर्वतीय जंगलों से किया जाता है। यह दो चक्रों के ६ खण्डयुक्त पुष्प बाह्यदलों से आवृत्त रहते हैं। इनमें एक बीज रहता है तथा इनकी गन्ध तेजपत्ते जैसी होती है। यह भी सम्भव है कि सिरुनगप्पु नाम से इसके अन्य भेद C. macrocarpum Hook. f. के फल भी बिकते हों।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मद्रास के वैद्य उपर्युक्त दोनों फलों का उपयोग कल्प की विभिन्नता के अनुसार करते हैं। आसव, अरिष्टों में मलाबारीय तथा लेह एवं चूर्णों में नाट्टु प्रकार का उपयोग करते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में इन दोनों वानस्पतिक नामों का उल्लेख सर्वप्रथम है।

उस्मान एस. अली, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ५७-६५।

देखें–१९५।

176. Dioscorea deltoidea Wall. ex Griseb.

२७७. भारतीय पौधों में Steroid sapogenin के अध्ययन की दृष्टि से इसकी विभिन्न जातियों का अध्ययन किया गया है। इनके स्थूल स्वरूप, चूर्णरूप में स्वरूप, उपर्युक्त जाति में Diosgenin की विभिन्न ऋतु में मात्रा आदि का अध्ययन है। अन्य पौधों का भी अध्ययन है जिनमें यह द्रव्य पाये गये हैं।

आइ. सी. चोप्रा एवं एल. डी. कपूर, इंडि. फारेस्ट., ९४, ८, १९६८, ६२०-६३०।

177. Diospyros melanoxylon Roxb. हिं०-तेन्दू

२७८. इसके पत्तों में के Triterpenes का अध्ययन प्रस्तुत है।

एल. रामचन्द्र राव; सी. संकर राव एवं टी. सुन्दर रामैया, करेंट साइन्स, ३५, १८, १९६६, ४५७-४५८।

२७९. इसके काष्ठसार से पृथक् किये गये कुछ अंशों की रासायनिक संरचना का अध्ययन किया गया है। इसमें ५ प्रकार के Naphthaquinone एवं ४ प्रकार के Naphthol derivative तथा β–sitosterol, lupeol, betulin एवं betulinic acid पाये गये।

जी. एस. सीधु, ए. वी. बी. संकरम् एवं एस. महमूद अली, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, १२, १९६८, ६८१-६९१।

178. Diospyros montana Roxb. हिं०-विषतेन्दू

२८०. इससे प्राप्त Diospyrin की रासायनिक संरचना का विवेचन किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

ए. के. गांगूली एवं टी. आर. गोविन्दचारी, टेट्रा. लेट., २९, १९६६, ३३७३-३३७७।

179. Dolichos biflorus Linn. सं०-कुलत्थ

२८१. इसके सुरासारीय सत्व में मूत्रल प्रभाव (१·५ ग्राम प्रतिकिलो) पाया गया। इसके ग्लूकोसाइड में यह क्रिया २० मि. ग्रा. प्रति किलो पाई गई। इसके अन्य गुणकर्मों का भी अध्ययन किया गया है।

वी. सिंग, श्रीमती एस. प्रभू एवं वी. एन. शर्मा, सार, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, २, १९६७, ४५।

२८२. इसमें के प्रोटीन का पोषणात्मक मूल्य जानने के लिये इसके बीजों का चूर्ण चूहों को खिलाकर अध्ययन किया गया। यह शारीरिक वृद्धि को बढ़ाता नहीं। सम्भवतः इसके ये कारण हो सकते हैं—(१) कम मात्रा में सेवन, (२) आवश्यक एमिनोएसिड का अभाव या (३) किसी वृद्धि रोधक अंश की उपस्थिति।

पी. के. रे, साइन्स एण्ड कल्चर, ३४, ८, १९६८, ३५१-३५२।

२८३. चूहों को इसकी दाल खिलाने से रक्तगत शर्करा तथा कोलेस्टेराल की मात्रा कम होती है।

एम. जी. पन्त, आई. उद्दीन, यू. आर. भारद्वाज एवं आर. डी. तिवारी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, १२, १९६८, १८०८-१८१२।

180. Echium amoenum Fisch. हिं०-गुले गांवजवां

२८४. उपर्युक्त पौधे के फूल ही बजार में बिकनेवाला द्रव्य गुलेगाँवजवाँ है।

देखें–६०।

181. Eclipta alba Hassk. सं०-भृङ्गराज

२८५. इसके रासायनिक विश्लेषण से पृथक् किये गये एक नये द्रव्य Polythienyl के स्वरूप का विवेचन किया गया है। यह द्रव्य Wedelia calendulacea Less. में नहीं पाया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एन. आर. कृष्णस्वामी, टी. आर. शेषाद्रि एवं वी. आर. शर्मा, टेट्रा. लेट., ३५, १९६६, ४२२७-४२३०।

२८६. इसके स्वरस में एलिल् अल्कोहोल एवं कार्बन टेट्रा क्लोराइड के यकृत्-हानिकर प्रभाव को रोकने का सामर्थ्य है।

जी. वी. जोगलेकर एवं जे. एच. बलवानी, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १, २, १९६७, ३२।

२८७. इसके मूल, काण्ड एवं पत्र का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, पीतभृंगराज (Wedelia calendulacea Less.) के साथ तुलना करते हुए किया गया है क्योंकि दोनों का भृंगराज नाम से व्यवहार होता है। प्रारम्भिक रासायनिक अध्ययन भी किया गया है।

पी. एन. मेहरा एवं एस. एस. हण्डा, सार, २० वीं इंडि. फार्मे. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३० १२, १९६८, २८४।

182. Elaeodendron glaucum Pers. सं०-कृष्ण मोक्षक

२८८. इसकी भी छाल कभी-कभी भारंगी नाम से बिकती है जिसकी सूचना श्री ठा. बलवन्त सिंह जी द्वारा प्राप्त हुई।

मा. उनियाल, आयु. विकास, ६, ८, १९६७, २४-२५।

183. Eleusine corocana Gaertn. हिं०-रागी

२८९. चावल के स्थान पर इसका मधुमेह के आठ रोगियों में उपयोग किया गया। रक्त में (ग्लूकोस सह्यता परीक्षण) कोई खास परिवर्तन नहीं पाया गया।

जे. सी. पटेल, एम. के. धिरवानी एवं आर. डी. नरखे, इंडि. जर. मेडि. साइ., २२, १, १९६८, २८-२९।

184. Elsholtzia polystachya Benth.

२९०. इसके सुगन्धि तैल के रासायनिक विश्लेषण से 1, 8-Cineole एवं एक नया furan compound पाये गये।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वी. एन. वशिष्ट, कु. सी. एम. गण्डोत्रा एवं सी. के. अटल, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ३, १९६७, १३०।

185. Embelia ribes Burm. f. सं०-विडङ्ग

२९१. विडंग की गोलियों का उपयोग केंचुए की बीमारी में लाभदायक है। इसके साथ विरेचक द्रव्य देने की भी आवश्यकता नहीं रहती एवं इससे कोई हानिकर प्रभाव भी नहीं देखा गया।

एल. वी. गुरू एवं डी. एन. मिश्रा, ऑन्टीसे., ४, १९६५, १।

२९२. कृमिघ्न गुण की दृष्टि से इसका सुरासारीय सत्व, जलीय सत्व की अपेक्षा अधिक गुणकारी है।

एल. वी. गुरू एवं डी. एन. मिश्रा, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, १, १९६६, ४७-५६।

२९३. इसके रासायनिक अध्ययन के अन्तर्गत इस सप्तम लेख में Rapanone की कुछ प्रतिक्रियाओं का विवेचन है।

वी. के. मूर्ति, टी. वी. पी. राव एवं वी. वेंकटेस्वरलू, टेट्रा., २३, १९६७, ८१७-८२४।

186. Embelia robusta C. B. Clarke सं०-विडङ्ग

२९४. बजार में इसमें २–१० % धनियाँ की मिलावट पाई गई।

आर. वी. कृष्णराव, १७ वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मे., २८, ३, १९६६, ८०।

187. Emblica officinalis Gaertn. सं०-आमलकी

२९५. यह देखा गया कि छोटे जंगली आँवले में, बड़े बीजू आँवले की अपेक्षा विटामिन सी अधिक रहता है। सुखानें पर यह कम हो जाता है। धूप में सुखाया जाय तो विटामिन सी बहुत नष्ट होता है। छाया में सुखाये आँवले में यह धूप में सुखाये की अपेक्षा तिगुना अधिक रहता है। इसी प्रकार आमलकी रसायन जिसमें प्रायः धूप में सुखाया जाता है विटामिन सी बहुत कम रहता है जब कि सीठी में यह अधिक रह जाता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जी. सी. भवसार, आर. के. गुप्ता, आर. एस. सिंग, एल. वी. गुरु, इंडि. मेडि. गजेट, ५, ८, १९६५, ४५-४८ ।

२९६. खरगोशों के रक्तरस पर आमलकी रसायन का अध्ययन किया गया । यह देखा गया कि इससे रक्तरस के सम्पूर्ण प्रोटीन की मात्रा में वृद्धि हुई किन्तु उसके विभिन्न अंशों के अनुपात में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया । इससे शरीर भार की वृद्धि भी हुई । तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से पिप्पली रसायन में व्याधिक्षमत्व में वृद्धि होती है जब कि इसका शरीर पर उपचयात्मक (anabolic) प्रभाव होता है जो रसायन द्रव्यों के दूसरे प्रभाव-धातुओं की पुष्टि एवं आयुवृद्धि का निदर्शक है ।

अ. तिवारी, सु. प्र. सेन, ल. वि. गुरु, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, १८९-१९४ ।

188. Enhydra fluctuans Lour. **सं०-हिलमोचिका**

२९७. इसका रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है ।

एन. आर. कृष्णस्वामी, टी. आर. शेषाद्रि एवं वी. आर. शर्मा, करेंट साइन्स, ३७, ४, १९६८, ९४-९६ ।

189. Enicostemma littorale Blume. **हिं०-नाय, मामिज्वा**

२९८. पूर्व में इससे प्राप्त किया गया क्षाराभ Gentianine यह एक अवक्रमणात्मक प्रतिरूप (artefact) है । इसका पुरोवर्ती Swertiamarin है ।

टी. आर. गोविन्दचारी, एस. एस. साठे एवं एन. विश्वनाथन, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, ४, १९६६, २०१-२०२ ।

२९९. इसका रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है ।

ज. राय एवं के. ए. ठकार, करेंट साइन्स, ३५, ६, १९६६, १४८-१४९ ।

190. Ensete superbum Cheesm. **हिं०-बनकदली**

३००. वैद्य इसके बीज छोटी माता एवं बड़ी माता आदि रोगों में प्रतिबन्धन तथा चिकित्सा के लिए व्यवहार में लाते हैं । इसी दृष्टि से

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इसके बीजों से प्राप्त तीन सत्वों का जैविकीय परीक्षण किया गया। परिणामों से यह कहा जा सकता है कि यह चेचक की चिकित्सा में लाभदायक हो सकते हैं।

एन. के. दत्ता, के. एच. दवे, एस. एम. देसाई, एम. वाई. म्हसालकर, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, ५, १९६८, ७३५-७४१।

३०१. इसके बीजों से पृथक् किये गये VIDR–2T, VIDR–2GC एवं VIDR–2GD सत्वों में से तीसरे का गुण-कर्मीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह तीनों Variola तथा Vaccinia विरोधी सिद्ध हो चुके हैं। इससे रक्तदवाव कम होता है। श्वसनिकाओं पर इसका कोई प्रभाव नहीं है। आंत्र पर कोलीनधर्मी प्रभाव हैं तथा यह विषैला भी नहीं है।

आर. एन. राय, सी. भगवागेर एवं एन. के. दत्ता, सार, २० वीं इण्डि. फार्मे. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८५।

191. Entada phaseoloides Merrill हिं०-चिया, गिला

३०२. इसके बीज तैल के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है।

ए. आर. एस. कार्या एवं आर. नारायणन, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, १२, १९६६, ५४४-५४५।

३०३. इसके बीज मज्जा से एक नया Triterpenoid sapogenin–Entagenic acid पृथक् किया गया जिसकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

ए. के. बरुआ, टेट्रा., २३, १९६७, १४९९-१५०३।

३०४. उपर्युक्त संरचना का और परीक्षण किया गया है।

ए. के. बरुआ, पी. चक्रवर्ती एवं वी. सी. दास, टेट्रा., २३, १९६७, १५०५-१५०८।

192. Ephedra nebrodensis Tineo.

३०५. इसका स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, प्रतिदीप्ति परीक्षण, संपूर्ण क्षाराभ का परिमापन एवं तनुस्तर वर्णलेखीय अध्ययन (Thin layer chromatography) प्रस्तुत किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सी. एस. शाह एवं नीला एस. शाह, इण्डि. जर. फार्मे., २८, ४, १९६६, १०३-१०५।

193. Ervatamia wallichiana Steub

३०६. इसके पत्र तथा काण्डत्वक् से एक विशेष प्रकार का Triterpenoid पृथक् किया गया है।

एस. के. टी., एस. एस. जी. एवं बी. टी., जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४४, ५, १९६७, ४१६-४१९।

194. Erythrina indica Lam. हिं०-फरहद

३०७. चूँकि इसकी छाल बजार में रोहितक नाम से बिकती है इसलिए इसको पहिचानने के लिये इसके स्वरूप का अध्ययन किया गया है।

देखें–६५१।

195. Erythrina superba Roxb. हिं०-फरहद

३०८. इसके बीज एवं पत्तों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। B–sitosterol एवं Hypaphorine ये दो द्रव्य बीजों में उल्लेखनाय हैं।

एच. सिंग, एवं ए. सिंग चावला, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रे., इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८२।

196. Erythroxylon monogynum Roxb. दक्षिण-देवदारू

३०९. इस चतुर्थ लेख में इसके रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त दो Norditerpenoid, Tertiary alcohol एवं तीन Diterpenoid epoxide का विवेचन है।

ए. मार्टिन एवं आर. डी. एच. मुरे, जर. केमि. सोसा. इंग्लैण्ड, सी, २०, १९६८, २५२९-२५३३।

197. Eucalyptus citriodora Hook.

३१०. इसके गोंद में राजयक्ष्मा दण्डाणु संवर्ध रोकने का गुण पाया गया।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

ए. एस. रामस्वामी एवं एम. सिरसी, इण्डि. जर. फार्मेसी, २९, ५, १९६७, १५७-१५९ ।

198. Eugenia fruticosa Roxb.

३११. इस वृक्ष के काण्डत्वक् का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है । इसका वर्गीकरण-विज्ञान की दृष्टि से महत्त्व है ।

एस. घोष मजुमदार एवं स्व. ठाकुर, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, ९, १९६८, ७८५-७९० ।

199. Eugenia jambolana Lam. सं०-जम्बू

३१२. मधुमेह निरोधक क्षमता के अध्ययन के लिये इसके बीजों के निस्सार को खरगोशों को पिलाया गया । यह देखा गया कि इससे उपोषणा॰ नन्तर रक्तगत शर्करा में ३४·६ % ह्रास होता है जब कि करेले के फलरस निस्सार में यह ह्रास २३·३ % होता है ।

ब्र. ना. लाल एवं कृ. दा. चौधरी, जर. रिस. इण्डि. मेडि., २,२,१९६८,१६१-१६४ ।

200. Eugenia wallichii Wt.

३१३. इसकी छाल का रासायनिक विश्लेषण पहले किया जा चुका है। इस शोधपत्र में इसके पत्तों के बेंझीन द्वारा निकाले सत्व का अध्ययन है । इसमें 1–Dotriacontanol द्रव्य पाया गया ।

एस. घोष मजुमदार एवं एस. ठाकुर, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, २, १९६८, १८७-१८८ ।

३१४. इसके छाल का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है । E. fruticosa की छाल में पाये गये द्रव्यों के अतिरिक्त एक विशिष्ट द्रव्य B–sitosterol इससे पृथक् किया गया ।

एस. घोष मजुमदार एवं स्व. ठाकुर, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, ९, १९६८, ७८५-७९० ।

201. Euphorbia acaulis Roxb. सं०-हस्तिदन्ती

३१५. उपर्युक्त वनस्पति, शास्त्रीय हस्तिदन्ती है । लेखक के विचार से नागदन्ती, हस्तिदन्ती तथा दन्ती ये तीनों भिन्न-भिन्न द्रव्य हैं ।

मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, १२, १९६६, १०२१-१०२२ ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

202. Euphorbia antiquorum Linn. हिं०-तिधारा सेहुण्ड

३१६. इसके काण्ड के triterpenes का विश्लेषण किया गया है।

वी. ए., डी. एन. आर., एल. आर. आर., जर. इण्डि. केमिक. सोसा., ४४, २, १९६७, १२३-१२६।

३१७. इसके क्षीर में के रासायनिक द्रव्य ट्राइटर्पीन का विवेचन है।

वी. अंजनेयुलु एवं एल. आर. राव, करेंट साइन्स, ३६, ८, १९६७, २०४।

३१८. प्राणियों में इसके सत्व का मानसिक प्रभाव सम्बन्धी अध्ययन किया गया है। यह उत्तेजक है तथा इसका स्ट्रिकनीन, मेट्राझोल या सेमी कार्बाझाइड के आक्षेप जनन कार्य पर कोई प्रभाव नहीं है। यह मेस्कालीन के कण्डूजनन प्रभाव को बढ़ाता है।

पी. के. दे. एवं वी. के. चटर्जी, जर. रिस. इण्डि. मेडि., ३, १, १९६८, ९-१८।

203. Euphorbia cattimandoo W. Elliot; Syn. E. trigona Haw. हिं०-थूहर भेद

३१९. इसके दुग्ध में euphol, nerifoliol, euphorbol एवं काण्ड में taraxerol पाये गये।

वी. ए., सी. एस. आर., सी. एस., एल. आर. आर., जर. इण्डि. केमिक. सोसा., ४५, ५, १९६८, ४०४-४०८।

204. Euphorbia dracunculoides Linn. हिं०-तितली

३२०. इस पौधे के रासायनिक विश्लेषण से Euphorbol, sucrose तथा flavone glycoside पाये गये।

ए. सिंग एवं एस. एन. श्रीवास्तव, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ९, १९६६, ४२०।

३२१. प्राणियों में प्रयोग करने पर देखा गया कि एसिटिलकोलीन की ही तरह इसका सभी प्रकार की मांसपेशियों पर एवं रक्तचाप पर प्रभाव होता हैं किन्तु इसमें कुछ विशेषताएँ भी हैं जैसे–(i) इसके निस्सार के गर्भाशय संकोचक कर्म का ॲट्रोपीन द्वारा निरोध नहीं होता है तथा (ii) अधिक मात्रा से उद्वेष्टनजन कर्म में ह्रास होता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

डी. एन. प्रसाद, के. डी. गोडे, आर. एस. सिंह, पी. के. दास, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, १, १९६७, ७३-७९ ।

205. Euphorbia pilosa Linn. **सं०-सप्तला**

३२२. हिमालय में होनेवाली इस वनस्पति के शास्त्रीय सप्तला होने की सम्भावना व्यक्त की गई है ।

मा. उनियाल, सचि. आयु., १९, ११, १९६७, ८७३-७४ ।

206. Euphorbia pulcherimma Willd.

३२३. इसके पौधे का रासायनिक विश्लेषण किया गया है । इसमें Germanicol एवं β–sitosterol पाये गये ।

एच. एन. खस्तगीर एवं वी. पी. प्रधान, जर. इंडि. केमिक. सोसा. ४४, २, १९६७, १५९-१६१ ।

207. Euphorbia tirucalli Linn. **हिं०-सातला, अंगुलिया थूहर**

३२४. इसके काण्ड का रासायनिक विश्लेषण किया गया है ।

आर. के. गुप्ता एवं ह्री. महादेवन, १८ हवीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, १९६६, इंडि. जर. फार्मे. २८, १२, १९६६, ३३८ ।

३२५. इसकी क्षीरवाहिका तथा क्षीर का अध्ययन वानस्पतिक दृष्टि से किया गया है । साथ में क्षीर का प्रारम्भिक रासायनिक अध्ययन भी है ।

ए. आर. राव, कु. वी. के. एम. एवं कु. एम. एम., प्रोसीडि. इंडि. अॅकेडेमी साइं., बी, ६७, २, १९६८, ६१-६६ ।

208. Evolvulus nummularis Linn. **हिं०-सूसाकानी भेद**

३२६. प्राणियों में इसके स्नेहांश विरहित सुरासारीय सत्व का मानसिक प्रभाव सम्बन्धी अध्ययन किया गया है । यह शामक, तथा निद्रावर्धक है एवं मेट्राझोल के मारक प्रभाव के काल को बढ़ाता है किन्तु स्ट्रिकनीन के कार्य पर इसका कोई प्रभाव नहीं है । इससे सेमीकार्बाझाइड का आक्षेपजनन कार्य विलम्ब से प्रारम्भ होता है किन्तु मारक प्रभाव रोकने में यह असमर्थ है । यह स्वाभाविक

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कण्डू प्रत्यावर्त को कम करता है तथा मेस्कालीन के कण्डूजनन प्रभाव को कुछ कम करता है।

पी. के. दे. एवं बी. के. चटर्जी, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, ९-१८।

209. Ferula alliacea Boiss. **सं०-हिंगु**

३२७. इसके फलों से ईथर द्वारा पृथक्कृत सत्व Byakangelicin का अध्ययन किया गया है। इसमें अंशतः इस्ट्रोजन विरोधी तथा प्रजनन बाधक गुण हैं।

श्रीमती ए. पकराशी, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायो., ५, २, १९६७, ७५-७९।

३२८. यह सत्व अवयस्क चुहियों में अपराजनन ग्रंथिपोषी हारमोन की क्रिया को रोकता है।

श्रीमती ए. पकराशी, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायो., ५, ३, १९६७, १६७-१६८।

210. Ficus bengalensis Linn. **सं०-वट**

३२९. मधुमेह में इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसके क्षीर का अध्ययन चूहों में किया गया। शिलाजीत का भी अध्ययन इसी दृष्टि से किया गया। तुलना के लिए पिट्यूटरी ग्रंथि के अग्रभागीय सत्व का उपयोग किया गया। इससे जो लाभ हुआ वह सम्भवतः शारीरिक वृद्धि, अग्न्याशय ग्रन्थि पोषण, जनन ग्रंथि पोषण या धातुओं के चयापचय पर प्रत्यक्ष क्रिया के कारण हुआ होगा।

एस. एस. गुप्त, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५४, ४, १९६६, ३५४-३६२।

३३०. इसके तनें की छाल का, स्थूल एवं सूक्ष्म रचना की दृष्टि से अध्ययन किया गया है। इसके चूर्ण को भी पहिचाननें के लिए विशिष्ट लक्षण दिये गये हैं। उदुम्बर की तनें की छाल का भी इसके साथ तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

राय एच. एन. चौधरी, जर. इंडि. बोटॅनि. सोसा., ४०, १-२, १९६६, ६७-७३।

३३१. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से Friedelin (triterpene) एवं β–sitosterol पृथक् किये गये।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

डी. चटर्जी एवं डी. पी. चक्रवर्ती, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४५, ३, १९६८, ४८५।

211. Ficus racemosa Linn. सं०-उदुम्बर

३३२. इसके तनें की छाल का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन किया गया है। चूर्ण रूप में पहिचाननें के लिए भी आवश्यक लक्षण दिये गये हैं। साथ में वट की छाल का भी तुलनात्मक अध्ययन है।

राय एच. एन. चौधरी, जर. इंडि. बोटॅ. सोसा., ४०, १-२, १९६६, ६७-७३।

212. Ficus religiosa Linn. सं०-पिप्पल

३३३. इसकी छाल से β–Sitostery!–D–glucoside पृथक् किया गया। इसमें रक्तगत शर्करा को कम करने की क्रिया तथा विषैली मात्रा से केन्द्रीय तन्त्रिका संस्थान पर एम्फेटामाइन सदृश (उत्तेजक) क्रिया पायी गई।

एस. एच. अंविके एवं एम. आर. राजाराम राव, इंडि. जर. फार्मेसी, २९, ३, १९६७, ९१-९४।

213. Fritillaria imperialis Linn.

३३४. इसमें के प्रमुख Imperialine क्षाराभ का गुण कर्मात्मक अध्ययन पहले प्रस्तुत किया जा चुका है (मीर जी. एन. एवं घटक बी. जे., ३, १९६५, २४९)। इस शोधपत्र में अवशिष्ट क्षाराभों का अध्ययन प्रस्तुत है। इंपेरियेलीन में साधारण रक्तदबाव ह्रासक एवं प्रबल उद्वेष्ठन रोधी क्रिया पाई गई थी। अन्य अवशिष्ट क्षाराभों में भी स्पष्ट दाबह्रासी, अल्प उद्वेष्ठन रोधी एवं विकम्पन-रोधी (Antifibrillatory) क्रियाएँ पायी गई। अन्तिम गुण सम्भवतः इसी अंश का है।

जी. एन. मीर एवं बी. जे. रे घटक, इंडि. जर. एक्सपे. बायो., ४, ३, १९६६, १५७-१६०।

214. Fritillaria oxypetala Royle

215. Fritillaria Roylei Hook. सं०-क्षीरकाकोली

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३३५. इसके कंद वृष्य एवं शुक्रजनन होते हैं। इन्हें चीरकाकोली कहा जा सकता है। इनका वर्णन सचित्र दिया हुआ है।

मा. उनियाल, सचि. आयु., २०, ३, १९६७, १६०; मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४।

216. Fumaria indica (Haussk) Pugsley हि०-शहतरा, पित्तपापडा

३३६. Fumaria की यही जाति भारत में पाई जाती है जो विभिन्न नामों जैसे—F. officinalis Bedd., F. parviflora Lam., F. vaillanti Loisel आदि से उल्लिखित है। इसका उपर्युक्त नाम उचित है। इसके मूल, काण्ड, पत्र एवं फल का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक स्वरूप, विभिन्न विलेयकों से प्राप्त सत्वों के मान एवं राख का मान एवं मूल तथा वायवीय अंगों का प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। चूँकि Peristrophe bicalyculata को भी पित्तपापडा कहा गया है एवं बजार के नमूनों में Coronopsis didyma भी पाया गया इसलिए इनका तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया है।

पी. एन. मेहरा, एस. एस. जॉली एवं एच. एस. पुरी, सार, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८४।

217. Garcinia morella Desr. सं०-तमाल

३३७. इसके बीजावरण में से पृथक् किये रासायनिक संघटकों (Morellin, Neomorellin) के प्रोटोझोआ-रोधी गुण का अध्ययन किया गया है। आन्त्रिक रोगों में जो इसकी उपादेयता बतलाई जाती है वह इसी गुण के कारण हो सकती है।

बी. पी. सानी एवं पी. एल. नरसिंहराव, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायोला., ४, १, १९६६, २७-२८।

३३८. इसके काष्ठसार से एक नया biflavonoid-Morelloflavone पृथक् किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सी. जी. करंजगाँवकर, पी. वी. राधाकृष्णन एवं के. वेंकटरामन, टेट्रा. लेट., ३३, १९६७, ३१९५-३१९८।

३३९. इसके बीजावरण से प्राप्त द्रव्य α guttiferin की विषाक्तता तथा उसका गुण कर्मात्मक अध्ययन किया गया है।

३४०. इसके प्राप्त α&β Guttiferins की प्रतिसूक्ष्म जीवी क्रिया का अध्ययन किया गया है।

के. वी. नागेश्वरराव एवं पी. एल. नरसिंहराव, इंडि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ५, २, १९६७, ९६-१००, १०१-१०५।

३४१. इससे प्राप्त Morellin के मात्रात्मक परिमापन (quantitative estimation) की विधियों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

एस. एल. सी. वर्मा एवं पी. एल. नरसिंहराव, इंडि. जर. एक्स्पेरि. बायो. ५, २, १९६७, १०६-१०९।

३४२. इसमें β एवं α_2 guttiferin के कुछ अन्य जीवाणु रोधी कार्य करने के तरीके का विवेचन किया गया है।

सी. आर. पुट्टन्ना एवं पी. एल. नरसिंह राव, इंडि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ६, ३, १९६८, १५०-१५२।

३४३. गॅम्बोज, बीजावरण एवं अन्य अंगों का उपयोग विरेचन के लिए किया जाता है। इस अध्ययन में यह सिद्ध किया गया है कि विरेचन कार्य करनेवाला द्रव्य β–guttiferin (α–gambogic acid) एवं α_1–guttiferin है। इनमें से प्रथम अधिक वीर्यशाली है।

के. संथानम् एवं पी. एल. नरसिंहराव, इंडि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ६, ३, १९६८, १५८-१५९।

218. Gardenia lucida Roxb. **हिं०-डिकामाली**

३४४. इसके मूल की छाल के रासायनिक विश्लेषण से D–mannitol पृथक् किया गया।

एच. के. दत्ता, एस. एन. गांगूली एवं ए. के. भट्टाचार्या, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४३, ५, १९६६, ३८०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३४५. Gardenin जो कि इसके गोंद में पाया गया flavonoid रंजक तत्व है उसके पुराने रासायनिक स्वरूप का खण्डन करके नये स्वरूप का निर्धारण किया गया है।

ए. वी आर. राव एवं के. वेंकटरमन, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ११, १९६८, ६७७-६७८।

219. Gardenia turgida Roxb. हिं०-थनैला

३४६. उपर्युक्त वनस्पति की छाल भारंगी नाम से बिकती है।

मा. उनियाल, आयु. विकास, ६, ८, १९६७, २४-२५।

220. Glycine soja Sieb. & Zucc. हिं-भाट

३४७. चूहों को इसकी दाल खिलाने से रक्तगत शर्करा तथा कोलेस्टेरॉल की मात्रा कम होती है।

एम. जी. पन्त, आइ. उद्दीन, यू. आर. भारद्वाज एवं आर. डी. तिवारी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, १२, १९६८, १८०८-१८१२।

221. Glycosmis arborea (Roxb.) DC. Correa

३४८. इसके पत्तों से पृथक् किये गये Arborinone का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

एस. सी. पकराशी एवं पी. मजुमदार, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ३, १९६७, १२९-१३०।

३४९. इसमें के quinazoline क्षाराभों के परस्पर संबंधों पर अध्ययन किया गया है।

एस. सी. पकराशी एवं जे. भट्टाचार्या, टेट्रा., २४, १९६८, १-५।

222. Glycosmis pentaphylla (Retz.) Correa हिं०-बन नींबू

३५०. इसके मूल की छाल से पृथक् किये गये एक नये Carbazole derivative -Glycozoline का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

डी. पी. चक्रवर्ती, टेट्रा. लेट., ६, १९६६, ६६१-६६४।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३५१. इसके मूलत्वक् से पृथक् किये गये एक नये Carbazole संजात Glycozolidine की संरचना का विवेचन किया गया है।

डी. पी. चक्रवर्ती एवं बी. पी. दास, साइन्स, कल्चर, ३२, ४, १९६६, १८१-१८२।

३५२. इनसे निकाले सत्व Glycosine का चूहे की मानसिक क्रियाओं पर तथा अन्य अंगों पर प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह मेस्कालीन के केन्द्रीय कार्य तथा कोकेन, स्ट्रीकनीन एवं मेट्राझोल के आक्षेपजनन कार्यों को रोकता है। यह थायोपेन्टॉल जन्य सुषुप्ति को बढ़ाता है एवं संशामक प्रभाव उत्पन्न करता है। मेढक के हृदय के संकोचों तथा बिल्ली में रक्त दबाव को कम करता है।

पी. के. दे. एवं बी. के. चटर्जी, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, १९-२४।

223. Glycyrrhiza glabra Linn. **सं०-यष्टीमधु**

३५३. इसकी खेती के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है।

र. वेदी एवं भ. दास, नागा., १०, ८, १९६७, ४१०-४१२।

224. Gmelina arborea Linn. **सं०-गंभारि**

३५४. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है। इससे Luteolin नामक द्रव्य पृथक् किया गया है।

डी. वेंकटराव, ई. वी. राव एवं एन. विश्वनाधम, करेंट साइन्स, ३६, ३, १९६७, ७१-७२।

३५५. खरगोशों को इसके शुष्क फलों का चूर्ण खिलाकर इसके रसायन गुण का अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि इससे रक्तरस में α_2 तथा γ ग्लोब्यूलिन का प्रतिशत प्रमाण बढ़ता है। साथ में शारीरिक भार वृद्धि एवं उनके व्यवहार में अधिक स्फूर्ति भी देखी गई।

दा. श. गौड एवं ला. प्र. गुप्त, जर. रिस. इण्डि. मेडि., ३, १, १९६८, ४३-४८।

225. Grewia populifolia Vahl. **सं०-गांगेरुकी; हिं०-गंगेरन**

३५६. इसके बीजों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एस. एन. गांगूली, ए. के. भट्टाचार्या एवं जी. गांगूली, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४३, ६, १९६६, ४५३-४५४ ।

226. Gymnema sylvestre R. Br. हिं०-गुडमार

३५७. इसके विशिष्ट सत्व Gymnemic acid के विभिन्न योगों का अध्ययन, विषाणुनाशक गुण की दृष्टि से किया गया । इनमें से 'A' योग में काफी प्रभाव देखा गया तथा 'B' योग में साधारण प्रभाव रहा ।

जे. ई. एस., जी. एस. आर., एच. एम. एम., आर. वी. एस., एच. एफ. एम., के. डब्लू. सी., एक्सपेरिएन्शिया, २४, ३, १९६८, ३०२-३०३ ।

227. Gymnosporia spinosa (Forsk.) Fiori हिं०-बैकल

३५८. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से β–amyrin dulcitol एवं एक quinone ये द्रव्य पाये गये ।

के. सत्यनारायण एवं आर. के. मिश्रा, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, २, १९६८, १८९-१९० ।

228. Habenaria intermedia D. Don. सं०-ऋद्धि, वृद्धि

३५९. इसके या इसी प्रजाति के अन्य कंद सम्भवतः अष्टवर्गोक्त ऋद्धि, वृद्धि हो सकते हैं ।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ९, १९६६, ८; २०, १०-११, १९६८, ७७० ।

229. Hardwickia pinnata Roxb. सं०-अंजन

३६०. इसके रालीय द्रव्य से पृथक् किये गये Hardwickiic acid एवं उससे सम्बन्धित अन्य द्रव्यों के विन्यास रसायन (Stereochemistry) का विवेचन किया गया है ।

आर. मिश्रा, आर. सी. पाण्डे एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., २२, १९६८, २६८१-२६८४ ।

230. Hedyotis auricularia Linn. & H. hispida Retz. बंब-दपोली

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३६१. चूँकि इसको ग्रहणी (Colitis) तथा हैजे की प्रारम्भिक अवस्था में उपयोगी बतलाया गया था इसलिए इससे प्राप्त एक क्षाराभ जो कि पहले पाये गये क्षाराभों से भिन्न है, का अध्ययन किया गया। यह अच्छा रक्त दबाव ह्रासक एवं हृद्वल्य है। यह श्वसनिका विस्फार करता है तथा हिस्टॅमीन के प्रभाव को नष्ट करता है। प्रभावी मात्रा में इसमें विषाक्तता भी नहीं है।

ए. मुकर्जी, एस. आर. चह्वाण एवं एन. के. दत्ता, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, १०, १९६७, ११०३-११०६।

231. Helianthus annuus Linn. हिं०-सूर्यमुखी

३६२. चूहों में उत्पन्न किये गये व्रणों में इसके मलहम का लाभदायक प्रभाव देखा गया।

प्र. ज. देशपाण्डे, एस. एन. पाठक, पी. एस. शंकरन, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५३, १, १९६५, ५३९।

232. Helicteres isora Linn. हिं०-मरोडफली

३६३. इसके फलों का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

वी. के. देशमुख एवं यू. पंडित, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८३-२८४।

233. Heliotropium eichwaldi Steud ex DC. हिं०-नीलकट्टे

३६४. इस प्रजाति (genus) के पौधों में 'Senecio bases' स्वरूप के क्षाराभ पाये जाते हैं। इसमें भी विषैले क्षाराभ का उल्लेख होने से इसके पंचांग का रासायनिक विश्लेषण किया गया है।

आर. एन. गांधी, टी. आर. राजगोपालन एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३५, ५, १९६६, १२१-१२२।

234. Heliotropium indicum Linn. सं०-हस्तिशुण्डी

३६५. इसके रासायनिक विश्लेषण से indicine के अतिरिक्त acetyl

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

indicine, indicinine, एक retronecine का ester एवं एक अम्ल पाया गया।

ए. आर. मेटॉक्स, जर. केमि. सोसा. इंग्लै., सीं, ५, १९६७, ३२९-३३१।

235. Heracleum rigens Wall. var. multiradiatum Gamble (Fam Umbelliferae) सं०-सूक्ष्मएला, क्षुद्रएला; ता०-चित्रेलम

३६६. दक्षिण भारत में तमिल नाम 'चित्रेलम' से, जो कि (सं०) सूक्ष्म-एला या क्षुद्रएला का समानार्थी है, जिस द्रव्य का वैद्य प्रयोग करते हैं वह (हिं०) छोटी इलायची (Elettaria cardamomum) नहीं है जिसका उपयोग उत्तर भारत में किया जाता है बल्कि उपर्युक्त धनिया के वर्ग के फल हैं। इन फलों के आधार से इसके वानस्पतिक स्रोत का पता लगाया गया। यह फल खण्ड (mericarp) प्रायः ८–१२ मि. मी. लम्बे, ६–१० मि. मी. चौड़े, कुछ चिपटे, उन्नत-नतोदर, लंबाई में ४-६ गहरे भूरे रंग की रेखाओं से युक्त, बिम्बाभ-अभिअण्डाकार, आधार कटा हुआसा, अग्र नुकीला एवं किनारे पर चौड़े पंख युक्त होते हैं। कभी-कभी दो अर्ध खण्ड मिलकर संपूर्ण फल (Cremocarp) के रूप में भी रहते हैं। इसको काटकर देखने से प्रत्येक अर्धखण्ड के बाह्य भाग में प्रायः ६ एवं भीतरी भाग में ८ तैल नलिकाओं (Vittae) के कटे भाग दिखलाई देते हैं। इसमें नींबू जैसी गंध होती है। इनका संग्रह निलगिरी तथा पलानी पहाड़ियों के जंगलों से किया जाता है। भारतीय चिकित्सा में सर्वप्रथम इस वनस्पति का उल्लेख किया गया है।

उस्मान. एस. अली, जर. रिस. इण्ड. मेडि., २, २, १९६८, २०३-२०७।

236. Herpestis monniera (Linn.) H. B. & K.

देखें–९६-९९।

237. Hibiscus rosa-sinensis Linn. सं०-जपा

३६७. इसमें इसके पत्तों का प्रारम्भिक रासायनिक संगठन प्रस्तुत किया गया है। इसमें अल्कलायड, ग्लाइकोसाइड, अपचायक शर्कराएँ (reducing

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

sugars), वसा सदृश द्रव्य, राल एवं स्टेराइड द्रव्य पाये गये हैं। इसमें ग्लाइकोसाइड की मात्रा ०·६% पाई गई। यह गहरे भूरे रंग का, अत्यन्त आर्द्रता ग्राही (hygroscopic) एवं जल तथा एथिल एसिटेट में घुलनशील है। इसमें टैनिन, उड़नशील तैल तथा सेपोनिन नहीं पाये गये।

एस. सी. एल. वर्मा, एस. शिन्दे एवं एस. एल. अग्रवाल, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६८, २३६-२३८।

३६८. उपर्युक्त ग्लाइकोसाइड का गुणकर्मीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इसकी क्रिया कोलीन तथा पेपेह्वरीन जैसी है। इसमें कोई तीव्र विषैलापन नहीं है। इसमें कई कार्य करनेवाले अंश हैं। इसके रक्त दवाव ह्रासक, वाहिनी विस्फारक एवं उद्वेष्ठन निरोधी गुणों का और अध्ययन आवश्यक है।

एस. एल. अग्रवाल एवं एस. शिन्दे, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, ९, १९६७, १००७-१०१०।

238. Hippeastrum equisetre Herb.

३६९. इसके कंद से जो क्षाराभ पृथक् किया गया वह Lycorine है।

एस. एन. गांगूली, ए. के. भट्टाचार्य एवं जी. गांगूली, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, १२, १९६७, ६५४।

239. Holarrhena antidysenterica Wall. हिं०-कुरैया

३७०. चूँकि अतिसारादि के लिये यह बहुत उपयोगी द्रव्य है एवं इसका एक क्षाराभ Conkurchine सबसे अधिक वीर्यशाली है इसलिये इसका गुणकर्मीय अध्ययन किया गया। Conkurchine hydrochloride प्रत्यक्षतः हृदयावसादक है तथा मेढक में परिसरीय वाहिनी संकोच करता है एवं कुत्ते में रक्त दबाव को कम करता है। अनैच्छिक पेशी पर कोई प्रभाव नहीं है।

एन. के. वसु एवं एस. वी. जायसवाल, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८९।

३७१. परखनली में, इसमें के ५ क्षाराभों के अमीबानाशी गुण का

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अध्ययन किया गया जिसमें देखा गया कि इनमें से Conessine सबसे अधिक प्रभावशाली है, न कि Conkurchine।

देखें–३७०।

३७२. प्राणियों में इसके सत्वों के अध्ययन से इसके अमीबा उपसर्ग नाशक गुण की पुष्टि की गई।

एन. के. दत्ता एवं एन. ऐय्यर, जर. इंडि. मेडि. एसोसि., ५०, ८, १९६८, ३४९-३५२।

240. Hordeum vulgare Linn. हिं०-जव

३७३. इसके नये अंकुरों से पृथक् किये गये कवकरोधी (antifungal) द्रव्य, Hordatine A एवं B का रासायनिक अध्ययन किया गया है।

ए. एस., टेट्रा. लेट., २१, १९६६, २२८७-२२९२।

३७४. Hordatine A के संश्लेषण का विवेचन है।

ए. एस., टेट्रा. लेट., २५, १९६६, २८४९-२८५१।

241. Hunteria corymbosa Roxb.

३७५. विद्वानों ने इसके पत्तों से Corymine की प्राप्ति का उल्लेख पहले किया है किन्तु प्रस्तुत रासायनिक विश्लेषण से देखा गया कि इसके एक भारतीय भेद के पत्तों में Corymine नहीं है किन्तु एक अन्य क्षाराभ Rhazine है जो Rhazya stricta Decaisne का प्रमुख क्षाराभ है। इन दोनों द्रव्यों के Biogenetic सम्बन्ध पर प्रकाश डाला गया है।

पी. एल. मजुमदार, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, ९, १९६८, ८५३-८५४।

242. Hydrocotyle asiatica Linn.

देखें–१८३-१८६।

243. Hygrophila spinosa T. And. सं०-कोकिलाक्ष

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३७६. इसके पंचांग के क़्वाथ एवं राख में मूत्रल गुण पाया गया जो इसमें के पोटॅशियम के कारण है।

जो. शान्ता कुमारी एवं जी. वाइ. एन. ऐय्यर, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५५, ७, १९६७, ७१४-७१६।

244. Hyocyamus niger Linn. हिं०-खुरासानी अजवायन

देखें–२६२।

245. Illicium verum Hook. f. हिं०-बादियाण

३७७. इसके फलों की जीवाणुनाशक (anti microbial) क्रिया का अध्ययन किया गया है। साक्सलेट द्वारा निकाले सुरासारीय सत्व में यह सबसे अधिक है एवं शीत सुरासारीय में सबसे कम। ग्राम ग्राही जीवाणु (gram positive) की अपेक्षा यह ग्रामत्यागी (gram negative) जीवाणुओं पर अधिक सक्षम है। कवकनाशी (antifungal) क्रिया, साक्सलेट के सत्व में सबसे अधिक एवं जलीय सत्व में सबसे कम पाई गई।

आर. एन. पटेल, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, २, १९६८, ४३-४४।

246. Ipomoea petaloidea Chois. सं०-विधारा

३७८. अध्ययन से यह देखा गया कि स्थानीय विधारा उपर्युक्त लता है जिसका संग्रह मिरजापुर (चुनार) से किया जाता है। इसमें स्टेरॉल तथा ग्लाइकोसाइड होता है। इसके रालीय भाग में सकमुनिया की तरह विरेचक गुण भी पाया गया।

रा. सु. सिंह एवं क. द. गोडे, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, १, १९६६, १४४-१४८।

247. Ipomoea turpethum R. Br. सं०-त्रिवृत्

३७९. कानपुर के बाजार में 'विधारा' नाम से उपर्युक्त लता की जड़ एवं कांड के टुकड़े बिकते हैं। इसका संग्रह मूसानगर जि० कानपुर से किया जाता है। वास्तव में यह त्रिवृत् (निशोथ) है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रा. सु. सिंह, रा. कृ. गुप्ता, नागार्जुन, १, १९६६, १-४।

३८०. त्रिवृत् के सम्बन्ध में विवेचन किया गया है।

रा. सु. सिंह, रा. कृ. गुप्त एवं भा. ओझा, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, २, १९६७, २५०-२५५।

248. Jasminum auriculatum Vahl. सं०-यूथिका; हिं०-जूही

३८१. व्रणरोपण की दृष्टि से इसके स्वरस का प्रयोग प्राणियों में किया गया जिससे व्रण संकोच देखा गया। इससे मालूम होता है कि इसमें व्रणरोपक गुण हैं।

प्र. ज. देशपाण्डे एवं पी. एस. शंकरन्, जर. मेडि. साइ., बी. एच. यू., जुलाई १९६४, ११८।

३८२. चूहों में द्वितीय श्रेणी के दग्धव्रण उत्पन्न करके इसके घृत का तथा केवल घृत का उपयोग किया गया। रोपण कार्य में बिना किसी औषध की अपेक्षा इसके घृत से २०% अधिक वृद्धि पाई गई।

प्र. ज. देशपाण्डे एवं सु. ना. पाठक, जर. रिसर्च. इण्ड. मेडि, १, १, १९६६, ८१, ९०।

३८३. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण सम्बन्धी अध्ययन किया गया है। दूसरे लेख में उसमें पाये गये स्नेहाम्लों का विवेचन है।

एस. एम. देशपांडे एवं आर. आर. उपाध्याय, करेंट साइन्स, ३६, ९, १९६७, २३३-३४; ३७, ७, १९६८, २००-२०१।

३८४. इसमें भी पत्तों के विश्लेषण से प्राप्त कुछ अंशों का रासायनिक अध्ययन किया गया है।

एस. एम. देशपांडे एवं आर. आर. उपाध्याय, एक्सपेरिएन्शिया, २४, ५, १९६८, ४२१।

249. Jasminum officinale Linn. सं०-जाती

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३८५. इसके पत्तों के रन्ध्रों (stomata) के विकास के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है।

जे. ए. इनामदार, करेंट साइन्स, ३६, १६, १९६७, ४४३–४४४।

250. Jasminum sambac Ait. हिं०-मोगरा

३८६. उपर्युक्त वनस्पति शास्त्रीय मदयन्ती या मदयन्तिका है। मेंहदी (Lawsonia inermis Linn.), मदयन्ती नहीं है, जैसा बहुत लोग मानते हैं।

रा. प्रा. आ. भटनागर, आयु. विका., ५, ५, १९६६, १३-१८।

३८७. उपर्युक्त मत का खण्डन किया गया है तथा मेंहदी को ही मदयन्तिका बतलाया गया है।

ज्ञा. पांडेय, आयु. विका., ५, ७, १९६६, २८-३३।

251. Kochia trichophylla

३८८. इसके रासायनिक विश्लेषण से Oleanolic acid, Saponin, Hentriacontane एवं Hentriacontanol प्राप्त किये गये।

जे. एस. टण्डन एवं के. पी. अग्रवाल, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, १२, १९६६, ५४५।

252. Lantana camara Linn. बंब०-घणेरी

३८९. चूँकि इसकी पुष्पितावस्था में इससे प्रकाशसुग्राहिता (photosensitization) तथा भेड में खुजली उत्पन्न होती है इसलिए इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण किया गया, जिसमें एक नया Triterpene-Lantanolic acid पाया गया।

ए. के. बरुआ, कु. पी. सी., एस. पी. डी., डी. के. एम. एवं बी. सी. डी., साइन्स, कल्चर, ३२, ९, १९६६, ४५६-४५८।

253. Lathyrus sativus Linn. हिं०-खेसारी

३९०. वातवृद्धि व्रणरोपण में बाधक हो सकती है इस उपकल्पना की परीक्षा करने के लिए चूहों में प्रयोग किये गये। खेसारी, जिसका वातवर्धक गुण

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विख्यात है, उसको चूहों को खिलाया गया और पश्चात् व्रणरोपण प्रयोग किये गये। इसमें देखा गया कि इससे व्रणरोपण में बाधा उत्पन्न होती है।

प्र. ज. देशपांडे, पी. एस. शंकरन् एवं जी. एस. गोडे, नागार्जुन, अक्तू., १९६४, १४५।

३९१. इसकी दाल के विषैलेपन को दूर करने के निम्न उपाय हैं। १. दाल को अधिक जल में पकाकर जल को फेंक देना। २. छिलका निकाली दाल को दो घंटे उष्ण जल में भिगो रखना। फिर सुखाकर, पीसकर, रोटी बना कर सेवन करना। इन क्रियाओं के पूर्व यदि रातभर जल में दाल को भिगो दिया जाय तो अधिक अच्छा है।

वी. एस. मोहन, वी. नागराजन, सी. गोपालन, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५४, ४, १९६६, ४१०-११४।

३९२. इसमें के विषैले तत्वों का और अध्ययन किया गया है।

वी. नागराजन, वी. एस. मोहन एवं सी. गोपालन, इण्डि. जर. बायोकेमि., ३, २, १९६६, १३०-१३१।

३९३. खेसारी दाल की मिलावट बेसन आदि में है या नहीं यह जानने के लिए एक आसान एवं विशिष्ट पद्धति का उल्लेख है। इसके विशिष्ट हानिकारक द्रव्य, BOAA एमिनोएसिड का पता इलेक्ट्रोफोरेसिस एवं वर्णक्रम लेख (क्रोमेटोग्राफी) द्वारा लगाया जा सकता है।

वी. नागराजन एवं वी. एस. मोहन, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५५, ९, १९६७, १०११-१०१४।

३९४. खेसारी दाल के ६०० नमूने मध्यप्रदेश के विभिन्न भागों से प्राप्त कर उसमें के तंत्रिकाविष-अमिनो एसिड (neurotoxic amino acid) की मात्रा का अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि इनमें बहुत ही अन्तर (०·१–२·५%) रहता है। इस अध्ययन में इसके हानिरहित कृषिजन्य भेदों की खेती की संभावना पर भी विचार किया गया है।

वी. नागराजन एवं सी. गोपालन, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५६, १, १९६८, ९५-९९।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३९५. इसकी दाल में तंत्रिका संस्थान के लिए घातक अनेक अंश होते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में इससे पृथक् किये गये एक नए जल विलेय अंश Aliphatic amino acid glycoside का अध्ययन है जो चूजे के परीक्षण में विषैला सिद्ध हुआ है।

सी. रुक्मिनी, इंडि. जर. वायोकें., ५, ४, १९६८, १८२–१८४।

254. Lavandula dentata Linn. **हिं०-उस्तुखद्दूस**

३९६. पुस्तकों में L. stoechas एवं Prunella vulgaris Linn. इन दो वनस्पतियों को उस्तुखद्दूस लिखा हुआ है। बजार के नमूने के स्थूल तथा सूक्ष्म अध्ययन से उसका स्रोत L. dentata ज्ञात हुआ। अभी इसका निर्णय नहीं किया जा सकता कि L. dentata ही वास्तविक उस्तुखद्दूस है, या प्रतिनिधि या व्यामिश्रण है।

जे. के. भटनागर एवं सी. के. अटल, सार १८ हवीं. फार्मा. कांग्रेस, १९६६, इण्डि. जर. फार्मे, २८, १२, १९६६, ३३९।

255. Lepidium sativum Linn. **सं०-चन्द्रशूर**

३९७. इसके बीजों के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन रोधी क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–५९।

256. Leptadenia reticulata W. & A. **सं०-जीवन्ती**

३९८. इसके मूल एवं मूलत्वक् के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन-रोधी क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–५९।

257. Lilium polyphyllum D. Don. **सं०-काकोली, क्षीरकाकोली**

३९९. बजार में प्रचलित काकोली एवं क्षीरकाकोली उपर्युक्त वनस्पति के कंद हैं। यह अधिकतर नेपाल से संग्रहीत होते हैं। Roscoea sp.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५४७. इसके फल तथा अपरिष्कृत सत्व आदि का श्वित्र एवं अन्य चर्म रोगों में उपयोग लाभप्रद सिद्ध हो चुका है। प्रस्तुत अध्ययन में इसके सत्व Psoralen को शुद्ध रूप (isopsoralen से विरहित) में प्राप्त किया गया है जो कि इसमें का मुख्य उपयोगी अंश माना जाता है। विभिन्न प्राणियों में इस द्रव्य की विषाक्तता के परीक्षण से ज्ञात हुवा कि इसमें विषाक्तता एवं अपरूपजनक (Teratogenic) कार्य अधिक मात्रा देने पर भी बहुत कम हैं।

एस. के. बोस, एस. एन. सान्याल, आर. के. वसु एवं डी. चक्रवर्ती, सार, २० वीं फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८८।

५४८. इसके बीजों से पृथक् किये गये Flavonoids में से ५-Bavachinin, Bavachin, Bavachalkone, Isobavachin एवं Isobavachalknone की संरचना का निर्धारण किया गया है।

वी. के. भल्ला, यू. आर. नायक एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., २०, १९६८, २४०१-२४०६।

351. Pterocarpus marsupium Roxb. **सं०-बीजक**

५४९. इसके काष्ठसार का सुरासारीय सत्व रक्तगत शर्करा को कम करता है। यह प्रभाव ३ रे तथा ५ वें घंटे पर स्पष्ट दिखलाई देता है। जलीय

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सत्व में ५ वें घंटे पर यह अधिक होता है। इससे कोई दुष्परिणाम नहीं देखा गया।

डी. एस. शाह, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५५, २, १९६७, १६६-१६८।

५५०. इसके काष्ठसार के सुरासारीय सत्व में जीवाणुनाशक गुण नहीं है। केवल शि० शिगाजन्य प्रवाहिका में इससे लाभ हो सकता है।

जे. जे. त्रिवेदी, नागा., ११, १०, १९६८, ५०३-५०६।

५५१. इसके काष्ठसार के सुरासारीय सत्व का भेड में अध्ययन किया गया। इसके सूचिकाभरण से १ से २ घंटे के बीच रक्तगत शर्करा कम होती है।

जे. जे. त्रिवेदी, नागा., ११, ५, १९६८, २२६-२२९।

५५२. इसमें इसके सुरासारीय सत्व एवं एथिलएसिटेट से निकाले सत्व का मेढक के पृथक् कृत हृदय पर अध्ययन प्रस्तुत है। इसका हृदय की गति तथा शक्ति पर निरोधक प्रभाव है। गति कम होने के साथ इससे गति में अनियमितता भी आती है जो सुरासारीय सत्व द्वारा अधिक अचानक होती है।

पी. वी. ठाकर, जे. जे. त्रिवेदी एवं एम. एल. भवसार, नागा., १२, ३, १९६८, ७-१०।

52. Putranjiva roxburghii Wall. सं०-जीवपुत्रक

५५३. इसके बीजावरण का रासायनिक संगठन प्रस्तुत किया गया है। इसमें एक रवेदार सॅपोनिन Putranjivoside एवं अन्य द्रव्य पाये गये।

एच. एस. गर्ग एवं सी. आर. मित्रा, प्लॅन्टामेडिका, १६, १, १९६८, १७-१९।

५५४. इसके पंचांग के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त एक नये Triterpene–Putranjivadione की संरचना का निर्धारण किया गया है।

पी. सेनगुप्ता एवं ए. के. चक्रवर्ती, टेट्रा., २४, १९६८, १२०५-१२१३।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५५५. इसकी छाल के रासायनिक विश्लेषण से दो मुख्य Triterpenoid Friedelin एवं Putranjivadione एवं दो गौण Triterpenoid - Roxburgholone (नया) एवं Friedelanol पृथक् किये गये।

पी. सेनगुप्त एवं जे. मुखर्जी, टेट्रा., २४, २०, १९६८, ६२५९-६२६४।

५५६. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इसके बेंभीन सत्व से अनेक ट्राइटर्पिनाइड एवं स्टेरॉल अलग किये गये जिनमेंसे ४ नये हैं।

जी. आर. चोप्रा, ए. सी. जैन एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेण्ट साइन्स, ३७, ११, १९६८, ३०१-३०४।

353. Randia dumetorum Lam. सं०-मदनफल

५५७. पहले इसके फलों के सैपोनिन का अध्ययन हो चुका है। प्रस्तुत अध्ययन इसकी छाल के सैपोनिन के संबंध में है। इसमें Randialic acid A तथा Randialic acid B नामक दो Triterpene acid प्राप्त किये गये।

जे. एस. टण्डन, के. पी. अग्रवाल एवं एम. एम. धर, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ११, १९६६, ४८३-४८७।

354. Ranunculus sceleratus Linn. हिं०देवकांडर, जलधनियाँ

५५८. इसके मिश्र में उत्पन्न पौधों के रासायनिक संगठन का अध्ययन किया गया है।

ए. एच. एस., जी. एच. एम. एवं टी. ई. ए., प्लॅन्टा मेडि., १६, २, १९६८, २३१-२३८।

355. Rauvolfia canescens Linn. सं०-सर्पगन्धाभेद

५५९. इसकी खेती करने के विषय में विस्तृत अध्ययन किया गया है।

एस. राजखोवा, इण्डि. फारेस्टर, ९३, ३, १९६७, १४९-१६१।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

356. Rauvolfia serpentina Benth. ex Kurz हिं०-सर्पगन्धा

५६०. इसकी खेती के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है।

डब्लू. एल. कोयरवर एवं जे. एच. रीनहार्ट, लायडिया, २९, ३, १९६६, २६०-२६९।

५६१. इसके सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत है। इसमें आयुर्वेदीय ग्रंथों के उल्लेखों के साथ आधुनिक विषयों का भी संकलन है।

ध. पा. वर्मा, नागा., १०, ११, १९६७, ६०७-६२०।

५६२. आसाम तथा केरल से संग्रहीत इसकी विभिन्न आयु के मूलों में के सम्पूर्ण क्षाराभ तथा Reserpine की मात्रा का अध्ययन इसमें किया गया है। यह देखा गया कि इनमें पर्याप्त भिन्नता रहती है। हिमालय के निचले प्रदेशों से प्राप्त नमूनों में दक्षिण की अपेक्षा Reserpine अधिक रहता है किन्तु सम्पूर्ण क्षाराभ की मात्रा इसके विपरीत है। पौधा जैसे-जैसे पुराना होता जाता है इनकी मात्रा कम होती जाती है।

पी. डी. वरदराजन, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८३।

357. Ravenia spectabilis Engl.

५६३. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से पहले γ–fagarine एवं arborinine प्राप्त किये गये थे। इस लेख में दो नये quinolone क्षाराभों -ravenine एवं ravenoline तथा अन्य क्षाराभ atanine का अध्ययन है।

बी. डी. पाल एवं पी. के. बोस, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४५, ६, १९६८, ५५२-५५३।

358. Rhamnus purshiana DC.

५६४. इसकी छाल में के ऍन्थ्रॅसीन द्रव्यों के मापन की विधियों पर अध्ययन है।

आर. किंगेट, लायडिया, ३१, १, १९६८, १७-२२।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

359. Rheum emodi Wall. हिं०-रेवन्दचीनी

५६५. इसका स्थूल तथा सूक्ष्म स्वरूप, चूर्ण का स्वरूप एवं कुछ अनुभूत प्रयोगों आदि का विवेचन है।

मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ४, १९६५, ३०६-३०९।

360. Rhododendron falconeri Hook. f. नेपा०-कुर्लिंगा

५६६. इस प्रजाति के पत्तों में प्राणियों तथा मछली के लिये विषैले पदार्थ होते हैं। इसकी अनेक जातियों का विवेचन पूर्व किया जा चुका है। प्रस्तुत शोधपत्र में उपर्युक्त जाति के पत्तों का रासायनिक विश्लेषण है।

के. साम्बमूर्ति, एल. नागेश्वर राव एवं एम. राजेन्द्रबाबू, सार, २० इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८२।

361. Rhus succedanea Linn. हिं०-काकरासिंगी भेद

५६७. यह देखा गया कि मानस पर कार्य करनेवाली औषधियों में हिस्टामीनरोधी गुण भी रहता है। इसके श्वास आदि में लाभदायक गुण देखते हुवे इसके सुरासारीय सत्व का मानस गुणकर्मीय अध्ययन किया गया। यद्यपि यह भी लाभदायक औषध है तथापि इसके देने से मस्तिष्क में पाये जाने वाले द्रव्य serotonin में कमी नहीं हुई जो कि जटामांसी में हुई।

एस. एस. गुप्त, सी. वी. सेठ, ही. एस. माथुर, श्रीमती सी. घूई एवं आर. के. वर्मा, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, १, १९६६, ५-१४।

362. Ricinus communis Linn. सं०-एरण्ड

५६८. इसके बीज मज्जा कल्प का प्रयोग ५० गृध्रसी के रोगियों में किया गया जिनमें परिणाम उत्साह वर्धक रहे।

अ. वि. ला. अग्निहोत्री, जी. एल. शर्मा एवं वी. ए. शाखी, ह्यूमेटिस्म, २, १, १९६६, २८-३३।

५६९. इसके बीजों के Phospholipids के रासायनिक स्वरूप के सम्बन्ध

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

में अध्ययन किया गया है।

एम. एम. पालोस, एस. वी. राव एवं के. टी. अच्छया, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, १२, १९६६, ५२९-५३२।

५७०. इसके मूलत्वक् का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है।

सी. पी. बहल, ए. बनर्जी एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३७, १, १९६८, १-२।

५७१. इसके मूलत्वक् के विभिन्न सत्वों का प्राणियों में गुणकर्मीय अध्ययन प्रस्तुत है। अन्य सत्वों की अपेक्षा इसके जलीय सत्व में रक्तदबाव अधिक काल तक कम करने का गुण है। खरगोश के आंत्र तथा रक्तदबाव पर इसकी क्रिया एसिटिलकोलीन सदृश है। पेट्रोलियमईथर एवं एसिटोन से निकाले सत्व में निद्रावर्धक गुण है किन्तु और मानसिक क्रियाओं पर इनका कोई प्रभाव नहीं है। सम्भव है इसमें एसिटिलकोलीन तथा उसके विरोधी, दोनों प्रकार के द्रव्य हों।

वि. सिंग, एस. प्रभू एवं वी. एन. शर्मा, जर. रिस. इण्डि. मेडि., ३, १, १९६८, ६२-६९।

363. Roscoea alpina Royle

364. R. procera Wall. **सं०-काकोली, क्षीरकाकोली**

५७२. इनके कंदों का भी संग्रह Lilium polyphyllum D. Don. के स्थान पर काकोली एवं क्षीरकाकोली नामों से किया जाता देखा गया है।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ९, १९६६, ६।

365. Rotula aquatica Lour. **सं०-पाषाण भेद**

५७३. मंगलोर (मैसूर प्रांत) के आस-पास के वैद्य इसका उपयोग पाषाण-भेद नाम से करते हैं। यद्यपि इसका मूल अधिक उपयोगी समझा जाता है

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तथापि प्रायः पंचांग का व्यवहार करते हैं। इसका स्थूल परिचय भी दिया गया है।

देखें–३१।

366. Ruta graveolens Linn. हिं०-सुदाब

५७४. इसकी जड़ के रासायनिक विश्लेषण से एक नया Coumarine derivative–Gravelliferon प्राप्त किया गया है जिसके स्वरूप का निर्धारण किया गया है।

जे. आर०, के. एस., ई. एम. एवं आई. एन., एक्सपेरिएन्शिया, २४, १०, १९६८, ९९२।

५७५. इसके पंचांग के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन-रोधी क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–५९।

367. Saccopetalum tomentosum Hook. f. & Th.

५७६. इसके पत्तों के सुगन्धि तैल की जीवाणुनाशक क्रिया के अध्ययन से देखा गया कि अन्य द्रव्य पिप्पली आदि की तुलना में इसमें सबसे कम गुण है जब कि पिप्पली में सबसे अधिक।

ए. के. भार्गव एवं सी. एस० चौहान, इंडि० जर० फार्मे., ३०, ६, १९६८, १५०-१५१।

368. Salacia chinensis Linn. हिं०-सप्तरंगी

५७७. इसके मूल जो कि वास्तविक सप्तरंगी हैं, में होनेवाले proanthocyanidin के सम्बन्ध में रासायनिक अध्ययन किया गया है।

वी. कृष्णन एवं एस. रंगस्वामी, टेट्रा. लेट०, २६, १९६७, २४४१-२४४६।

वक्तव्य—चूँकि गलती से सप्तरंगी का लेटिन नाम Casearia esculenta R oxb. माना जाता था इसलिये सप्तरंगी के सम्बन्ध में अन्य लेख C.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

esculenta के अन्तर्गत भी देखें।

देखें–१५९-१६३।

५७८. इसके काण्ड एवं पत्र का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इनमें gutta तथा proanthocyanidins वर्ग के द्रव्य पाये गये।

वी॰ कृष्णन् एवं एस. रंगस्वामी, करेंट साइन्स, ३६, २२, १९६७, ५९६-५९७।

369. Salvadora oleoides Linn. सं०-वृहत्पीलु

५७९. इसके बीज तैल के स्नेह विरहित अंश का अध्ययन इसलिये किया गया कि घानी से निकाले तेल में जो दुर्गन्ध एवं रंग रहता है वह ईथर द्वारा निकाले तेल में नहीं रहता। इन्हीं अंशों का अध्ययन प्रस्तुत है और सम्भवतः इन्हीं के कारण यह खाने के अयोग्य है।

जी. आर॰ चोप्रा, ए. सी. जैन एवं टी॰ आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३७, ५, १९६८, १२१-१२३।

370. Salvadora persica सं०-पीलु

५८०. इस वृक्ष में एक कीटगृह बनते हैं जो वृक्ष को नुकसान पहुँचाते हैं। इन कीटगृहों की उत्पत्ति, विकास तथा वृद्धि के निरोध की दृष्टि से अध्ययन किया गया है।

यू. कान्त एवं एच. सी. आर्य, इंडि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ५, ३, १९६७, १३१-१३४।

371. Salvia glutinosa Linn.

५८१. इसके गोंद जैसे स्राव के रासायनिक विश्लेषण से Friedelin, β–amyrin एवं α–hydroxy β–amyrin एवं epialnusenol पृथक् किये गये।

डी. ए. एच. टेलर, जर. केमि. सोसा. इङ्गलै., सी, ६, १९६७, ४९०।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

372. Sapindus emarginatus Vahl. सं०-अरिष्टक

५८२. इसके फलों के जलीय सत्व से एक नया Saponin–Emargin.-toside पृथक् किया गया है।

एल. आर. राव एवं कु. सी. रुक्मिणी, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ३, १९६६, १४९-१५०।

373. Sapindus laurifolius Vahl.

५८३. इसके फल भित्ती का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें Saponin पाये जाते हैं। इससे तीन वर्णहीन यौगिक A, B, C पृथक् किये गये जिनका विवेचन है। इनमें से दो Triterpene हैं।

पी. सी. मैती, एस. राय एवं ए. राय, एक्सपेरिए., २४, ११, १९६८, १०९१।

374. Sapindus mukorossi Gaertn. स०-अरिष्टक

५८४. इसकी फलभित्ति से एक सॅपोनिन Mukorosside प्राप्त किया गया है।

एल. रामचन्द्र राव एवं कु. सी. रुक्मिणी, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, १, १९६६, ३६-३८।

375. Sarcococca pruniformis Lindl.

५८५. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त द्रव्यों का और आगे अध्ययन किया गया है जिसमें इनके स्वरूप को बतलाया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, के. एस. मुखर्जी एवं सी. पी. दत्ता, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४३, ४, १९६६, २८३-२८६।

५८६. इसमें के क्षाराभों का पृथक्करण करके दो नये steroidal alkaloid (A&B) पाये गये जिनकी संरचना का विवेचन है।

जे. एम. कोहली, ए. झमन एवं ए. आर. किदवई, टेट्रा., २३, १९६७, ३८२९-३८३५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

376. Saussurea lappa C. B. Clarke **सं०-कुष्ठ**

५८७. इसके मूल के तेल में रहनेवाले lactone तथा उससे विरहित तेल का गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है। इसके lactone के कुछ अंश एवं उससे विरहित तैल में रक्त दबाव ह्रासक, संकोच निवारक एवं श्वसनिका विस्फारक गुण पाये गये। रक्त दबाव ह्रासक कार्य प्रत्यक्ष वाहिनी विस्फार एवं हृदया-वसाद से होता होगा एवं उद्वेष्टन निरोधी कार्य पेपेव्हेरीन जैसा होता है। इसमें कोई कफनि.सारक गुण नहीं देखा गया किन्तु कुछ मूत्रल गुण पाया गया।

ओ. पी. गुप्ता एवं बी. जे. राय घटक, इंडि. जर. मेडि. रिस. ५५, १०, १९६७, १०७८-१०८३।

५८८. इसके मूल के सुगन्धि तैल में पाये गये Costol का पुनः परीक्षण किया गया है।

ए. एस. बावडेकर, जी. आर. केलकर एवं एस. सी. भट्टाचार्या, टेट्रा., २३, १९६७, १९९३-१९९६।

377. Scilla indica Baker **सं०-वनपलाण्डु**

५८९. आयुर्वेद में वर्णित गृंजनक यह वनपलाण्डु या पलाण्डु का एक भेद हो सकता है। इस दृष्टि से उपर्युक्त वनस्पति को गृंजनक माना है।

रा. आ. भटनागर, आयु. विकास, ५, ९, १९६६, २६-३१।

५९०. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक नया हृद् ग्लाइकोसाइड—Scillarenin bis-L- hamnoside पाया गया।

आर. बी. कृष्णराव एवं एस. रंगस्वामी, टेट्रा. लेट., ४६, १९६७, ४५६३-४५६५।

378. Selaginella rupestris Spring. **सं०-संजीवनी**

५९१. इस प्रारम्भिक अध्ययन में इसके सम्पूर्ण शुष्क पौधे में स्टेरॉल, ग्लाइकोसाइड तथा मन्द समाचार (Weak base) पाये गये। प्राणियों में इसके

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुरासारीय निःस्सार के जलविलेय अंश का आंत्र पर शिथिलकर एवं अल्प उद्वेष्टन रोधी तथा गर्भाशय पर संकोचक प्रभाव होता है। इसमें शामक, वेदनाहर, आक्षेप रोधी (अपस्मारहर) तथा मूत्रल प्रभाव नहीं है न इसमें विषैला प्रभाव ही मालूम हुआ। प्रसूतिज्वर में जो इसका प्रचलन है वह सम्भवतः इसके गर्भाशय संकोचक प्रभाव के कारण होगा।

वी. नाथ, क. द. गोडे, प्र. कु. दास, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, १, १९६६, ११३-११९।

379. Selinum vaginatum Clarke

५९२. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से एक नया Flavanone–Selinone पृथक् किया गया जिसके संगठन का अध्ययन प्रस्तुत है।

टी. आर. शेषाद्रि एवं एम. एस. सूद, टेट्रा. लेट., ९, १९६७, ८५३-८५५।

५९३. इसके मूल धूपन के लिये व्यवहार में आते हैं तथा इसका व्यामिश्रण जटामांसी में रहता है। इससे पांच Coumarin–Angelicin, Oroselol, Lomatin, Selinidin एवं Vaginidin पृथक् किये गये जिनमें से अन्तिम दो की संरचना का निर्धारण किया गया है।

टी. आर. शेषाद्रि, एम. एस. सूद, के. एल. हण्डा एवं विश्वपाल, टेट्रा., २३, १९६७, १८८३-१८९१।

380. Semecarpus anacardium Linn. f. सं०-भल्लातक

५९४. भल्लातक के कृमिघ्न प्रभाव के अध्ययन के लिये प्रयोगशाला में केंचुओं पर प्रयोग किये गये। इसमें देखा गया कि इसका तैल कार्बन टेट्राक्लोराइड की तुलना में अधिक अच्छा किन्तु हेक्सिल रिसोर्सिनॉल तथा चिनोपोडियम तैल की तुलना में कम कृमिघ्न है।

प्रि. ब्र. शर्मा, क. चतुर्वेदी, जर. मेडि. साइ., १, १९६४, ५८।

५९५. प्राणियों के ऊपर प्रयोग करने के आधार पर यह कहा जा सकता है

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कि इससे पूर्ण लाभ के लिये इसके तैल की मात्रा ३०० मि. ग्रा. से लेकर ९ ग्राम तक दी जा सकती है जिसमें कोई विषाक्त प्रभाव नहीं होता है। इससे अधिक मात्रा से अतिसार, छर्दि, सार्वदैहिक शोथ तथा त्वचा पर व्रण एवं विस्फोट होने की सम्भावना रहती है। इसका गर्मी में कम मात्रा में एवं सावधानी से प्रयोग करना चाहिये।

प्रि. व्र. शर्मा, च. चतुर्वेदी, नि. गो. बंद्योपाध्याय; जर. रिस. इंडि. मेडि., १, १, ६६, १३०-१४३।

५९६. चूहों में कृत्रिम संधिशोथ उत्पन्न करके तथा आमवाताभ सन्धि-शोथ (Rheumatoid arthritis) के रोगियों में अमृत-भल्लातक का प्रयोग किया गया जिसमें उत्साहवर्धक परिणाम पाये गये। नवीन रोगियों में अधिक लाभ हुआ।

पी. किशोर एवं एस. एन. त्रिपाठी, ह्यूमेटिस्म, १, ४, १९६६, १८८-१९६।

५९७. रासायनिक परीक्षण में इसमें फेनॉलीय द्रव्य तथा अत्यल्प रेजिन पाये गये। प्राणियों में परीक्षण करने पर यह देखा गया कि पृथक्कृत हृदय तथा खरगोश के आंत्र पर इसका अवसादक प्रभाव पड़ता है एवं यह कार्बेकोल, हिस्टामीन, बेरियम क्लोराइड एवं पिटोसिन के संकोचक प्रभाव का विरोधी है। 'ट्रिपटानब्लू परीक्षा' से इसका हिस्टॅमीन उन्मुक्त करने का प्रभाव देखा गया। अन्य परीक्षणों से यही अनुमान होता है कि इसका यह प्रभाव अप्रत्यक्ष रूप से होता है।

बो. सी. बोस, वी. एस. माथुर एवं आर. विजय वर्गीय, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, २, १९६७, १५५-१६०।

५९८. गलित् कुष्ठ में भल्लातक तैल के स्वतन्त्र प्रयोग से कोई लाभ नहीं देखा गया किन्तु रोगी की साधारण दशा में अवश्य सुधार हुआ। आधुनिक औषध डीडीएस के साथ जब इसका प्रयोग किया गया तो केवल डीडीएस की अपेक्षा अधिक लाभ देखा गया। यह लाभ सम्भवतः इसके रसायन तथा कृमिघ्न गुण के आधार पर होगा ऐसा निष्कर्ष निकाला गया।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दि. ओझा एवं गु. मो. सिंग, लैप्रसी इन इंडिया, ४, अक्तू., १९६७, १-९ ।

५९९. भल्लातकके प्रमेहघ्न गुण की दृष्टि से उसके तैल का प्राणियों में एवं रोगियों पर परीक्षण किया गया तथा मूत्र की मात्रा पर उसका प्रभाव देखा गया। यद्यपि सांख्यिक दृष्टि से कोई विशेष अन्तर नहीं मिला तथापि यह पाया गया कि इसकी प्रवृत्ति मूत्र-संग्रहण की ओर है। साथ में आयुर्वेदीय विभिन्न ग्रन्थों में निर्दिष्ट इसके गुण, कर्म तथा प्रयोग की तालिका तथा प्रमेहघ्न योगों की तालिका भी है।

प्रि. व्र. शर्मा, च. चतुर्वेदी एवं नि. गो. बंधोपाध्याय, सचि. आयु. १९, ७, १९६७, १२८-१२९ ।

६००. इसके फलों का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं भौतिक स्थिरांकों का निर्धारण प्रस्तुत शोधपत्र में किया गया है। फलों की मध्य भित्ति की कोशाओं के विघटन से बने विवरों में दाहक तैल रहता है। शुष्क फलों से पेट्रोलियम ईथर द्वारा तेल की मात्रा ३१% प्राप्त होती है जिसमें साबुनीभवन के अयोग्य भाग ५·१४%, स्नेहीय अम्ल ३६·६५% तथा फेनॉल सदृश अंश ४२·६९% रहता है। इनका उपयोग इसके मानकीकरण की दृष्टि से किया जा सकता है। चूँकि कुछ काल रखने से इस तेल में विकृति होती है इसलिये आगे इस दृष्टि से भी अध्ययन किया जा रहा है कि फलों को रखने से इसके तेल तथा उसके घटकों में काल के अनुसार क्या-क्या परिवर्तन होता है।

सं. प्रसाद, रो. मित्रा, मो. सा. अन्सारी, जर. रिस. इंडि. मेडि. २, २, १९६८, २२२-२२९ ।

६०१. इसमें आयुर्वेदीय पाताल-यंत्र पद्धति से फलों के तैल को निकालकर उसके औसत मानो को निर्धारित किया गया है। अच्छे पके एवं जल से भारी फलों का ही उपयोग किया गया। इसमें तैल की मात्रा १६-२२%, जल की मात्रा ०·८-५% एवं अवशिष्ट भाग २५-३०% रहता है। तैल निकालने के लिये प्रति किलो फलों के लिये १८-२२ किलो गोहठे (उपलें) की उष्णता अनुकूलतम होती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

त्र्यं. ना. शर्मा एवं दा. जोशी, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, २३९-२४३ ।

६०२. प्राणियों पर प्रयोग से यह देखा गया कि इसके फलों को दुग्धपाक करके मुख द्वारा देने से यह नूतन (acute) शोथ को रोकता हैं किन्तु अनुतीव्र एवं चिरकारी शोथ पर इसका कोई प्रभाव नहीं है ।

जी. वी. सत्यवती, डी. एन. प्रसाद, पी. के. दास एवं एच. डी. सिंग, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार, ३४ ।

381. Sesamum indicum Linn. **सं०-तिल**

६०३. इसके दो भेद, श्वेत तथा भूरे के तैल का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत है ।

ए. आर. एस. कर्था, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ११, १९६७, ५८९-५९० ।

382. Sesbania grandiflora (L.) Poir. **सं०-अगस्त्य**

६०४. इसकी छाल का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । इसके चूर्ण के स्वरूप का भी वर्णन है । इसके साथ ही जयन्ती की छाल का भी अध्ययन किया गया है जिससे दोंनों की पहचान हो सके ।

राय एच. एन. चौधरी, बुले. बोटेनि. सर्वे. इंडि., ८, ३-४, २१६-२२०, ११६६ ।

383. Sesbania sesban (L.) Merr. **सं०-जयन्ती**

६०५. इसकी छाल का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं चूर्ण का भी अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । अगस्त्य की छाल का भी साथ में अध्ययन होने से दोनों के पृथक्करण में इस अध्ययन का उपयोग होगा ।

राय एच. एन. चौधरी, बुले. बोटेनि. सर्वे. इंडि., ८, ३-४, २१६-२२०, १९६६ ।

६०६. चूहों में कृत्रिम सन्धि शोथ उत्पन्न करके इसके पत्तों के उष्ण कल्क का बाह्य प्रयोग किया गया जिसमें कुछ लाभ देखा गया ।

आर. सी. चौधरी एवं एवं एस. डी. राय, ह्यूमेटिस्म, ३, ३, १९६८, ११२-११९ ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

384. Seseli indicum Wight & Arnold हिं०-बनअजवाईन

६०७. इसके बीजों के सुगन्धि तैल के रासायनिक विश्लेषण से एक monoterpene aldehyde–β–cyclolavandulal पृथक् किया गया है जिसकी संरचना का विवेचन है।

राम. के लोगानी, आई. पी. वार्ष्णेय, आर. सी. पाण्डे एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., २८, १९६७, २६४५-२६४८।

385. Seseli sibiricum Benth

६०८. इसके रासायनिक विश्लेषण से Osthol, imperatoin, bergapten एवं एक नया Coumarin–Sibiricin पृथक् किये गये। इस काउमेरिन की संरचना तथा संश्लेषण का अध्ययन किया गया है।

पी. डब्लू. ऑस्टिन, टी. आर. शेषाद्रि, एम. एस. सूद एवं विश्वपाल, टेट्रा., २४, १९६८, ३२४७-३२५३।

386. Sida caprinifolia Linn. सं०-बलाभेद

६०९. इसके पंचांग का प्रारम्भिक रासायनिक तथा गुणकर्मात्मक अध्ययन किया गया है। इसमें ग्लाइकोसाइड तथा क्षाराभ (अल्केलायड) नहीं पाया गया। पेट्रीलियम ईथर तथा ईथर द्वारा निकाले सत्व में स्टेरोल पाये गये। सुरासारीय सत्व के जलविलेय अंश में एसिटिल कोलीन सदृश (अनैच्छिक मांसपेशी संकोचक आदि) क्रिया पाई गई।

डी. एन. प्रसाद एवं जी. अचरी, इंडि. जर. फार्मे. २८, ९, १९९६, २४१-२४४।

387. Sida humilis Cav. सं०-बलाभेद

६१०. प्राणियों में फारमेल्डिहाइड द्वारा उत्पन्न किये गये सन्धिशोथ में इसके जलीय निःस्सार से पर्याप्त लाभ देखा गया।

रा. ह. सिंह, गो. ना. चतुर्वेदी, इंडि. जर. मेडि. रिसर्च, ५४, २ फरवरी १९६६, १८८-१९५।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

388. Sisymbrium irio Linn. हिं०-खूबकलां, खाकसी

६११. इसके बीजों में के फ्लेवोनायड के सम्बन्ध में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

एस. वाइ. खान, करेंट साइन्स, ३६, ८, १९६७, २०६।

389. Smilax aspera Linn. हिं०-देशी सार्सापरिलाभेद

६१२. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक विशेष प्रकार का द्रव्य Asperagenin प्राप्त किया गया।

के. एन. एन. अयगार एवं एस. रंगस्वामी, करेंट साइन्स, ३६, २४, १९६७, ६५३-६५५।

६१३ इसके मूल के विश्लेषण से प्राप्त 31—norcycloartanol की संरचना का विवेचन है।

के. एन. एन. अयंगार एवं एस. रंगस्वामी, टेट्रा. लेट., ३७, १९६७, ३५६७-३५७०।

६१४. इसके मूल के रासायनिक संगठन का अध्ययन किया गया है। इसके सैपोनिन अंश तथा सैपोनिन विरहित अंशों का विश्लेषण है। इसके सैपोनिन अंश में प्रधान रूप से Sarsasapogenin रहता है।

एस. रंगस्वामी एवं के. एन एन. अयंगार, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, १-८।

390. Solanum aviculare Forst.

६१५. Solanum प्रजाति से प्राप्त होनेवाले द्रव्य Solasidine का उपयोग steroid hormone बनाने के लिये किया जाता हैं। इस दृष्टि से उपर्युक्त भेद के उपज के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया हैं। साथ में S. khasianum का भी अध्ययन हैं।

वी. चन्द्रा, इंडि. ड्रग्स, ५, १२, १९६८, ५७-६७।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

391. Solanum indicum Linn. **सं०-बृहती**

६१६. प्राणियों में इसके पेट्रोल-ईथरीय सत्व का मानसिक प्रभाव सम्बन्धी अध्ययन किया गया है। यह शामक, निद्रावर्धक एवं मेट्राझोल के मारक प्रभाव के काल को बढ़ाता है किन्तु स्ट्रीकनीन के कार्य पर इसका कोई प्रभाव नहीं है। सेमीकार्बाझाइड के आक्षेपजनन कार्य को यह यद्यपि शीघ्र प्रारम्भ करता है तथापि मारक प्रभाव विलम्ब से होता है। इसका स्वाभाविक कण्डू प्रत्यावर्त पर कोई प्रभाव नहीं है।

पी. के. दे. एवं बी के. चटर्जी, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, ९-१८।

392. Solanum khasianum Clarke

६१७. इसके फलों के रासायनिक विश्लेषण से एक क्षाराभीय सॅपोनिन Solakhasianin एवं एक क्षाराभ Solasodine पृथक् किये गये।

पी. सी. मैती एवं कु. एस. मुखर्जी; इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ९, १९६८, ५४७।

६१८. Steroid hormone के पुरोवर्ती Solasidine की प्राप्ति के लिये इस जाति के सम्वर्ध का अध्ययन किया गया है।

बी. चन्द्रा, इंडि. ड्रग., ५, १२, ६८, ५७-६७।

393. Solanum melongena Linn. **हिं० बैंगन**

६१९. बिहार में होनेवाले बैंगन के चार प्रमुख भेदों तथा उसके संकर (F-hybrids) का प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण उसमें के ठोस अंश, शर्करा तथा विटामिन सी की मात्रा की दृष्टि से किया गया है।

जी. एम. मिश्र, साइन्स, ३२, ११, १९६६, ५४५-५४६।

394. Solanum nigrum Linn. **सं०-काकमाची**

६२०. इसके विभिन्न भेदों, प्रभेदों (टेट्राप्लायड रूप) का विवेचन किया गया है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एस. एल. टण्डन एवं जी. आर. राव, करेंट साइन्स, ३५, २०, १९६६, ५२४-५२५ ।

395. Solanum torvum Sw. **सं०-बृहती भेद**

६२१. इसके फलों के रासायनिक संगठन का अध्ययन किया गया है ।

एम. बी. ई. फयेज एवं ए. ए. सालेह, प्लॅन्टामेडिका, १५, ४, १९६७, ४३०-४३३ ।

396. Solanum xanthocarpum Schrad & Wendl. **सं०-कंटकारी**

६२२. प्राणियों के हृदय पर इसके सुरासारीय सत्व एवं ग्लूको-एल्का-लॉयड सॅपोनिन अंश का अध्ययन किया गया है । सुरासारीय सत्व से हृदय संकोच में लाभ होता है तथा रक्तदबाव में भी सुधार होता है । सॅपोनिन अंश बहुत कम मात्रा में संकोच बढ़ाता है । इस अंश में हृद्वल्य गुण है जिसका परीक्षण रोगियों में करना आवश्यक है ।

एस. एस. गुप्त, एस. एल. सी. वर्मा, सी. सिंग एवं श्रीमती पी. खण्डेलवाल, इंडि. जर. मेडि. साइ., २०, ८, १९६६, ५५४-५५९ ।

६२३. कंटकारी अवलेह जिसमें प्रमुख द्रव्य कंटकारी है, उसका परीक्षण वातिक कास नाशक गुण की दृष्टि से किया गया । इस परीक्षण में पॅरालिडहाइड द्वारा कृत्रिम कास उत्पन्न कर इस औषध का तथा आधुनिक औषध कोडीनफास सिरप का तुलनात्मक अध्ययन किया गया । यह देखा गया कि कंटकारी अवलेह भी कोडीन फास की भांति प्रभावशाली तथा विश्वसनीय औषधि है और साथ ही यह मार्फीन ग्रुप (अहिफेनसम) के दोषों से मुक्त होने के कारण निरापद औषधि है ।

रा. सु. सिंह, रा. कृ. गुप्ता., झा. ओझा, एच. एस. वाजपेयी एवं जे. पी. गुप्त, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६७, १६७-१७८ ।

६२४. पिलानी के पास सिंधाना (जि. झुंझुनू) से संग्रहीत इसके फलों से सोलेसोडीन (Solasodine 1·16%) नामक तत्व प्राप्त किया गया जिससे अनेक स्टेरायड (Steroids) औषधियाँ बनाई जा सकती हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एम. पी. गुप्ता एवं डी. के. सान्तरा, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६७, २३९-२४१ ।

६२५. इसके पंचांग के रासायनिक संगठन एवं गुणकर्मों का अध्ययन किया गया है । इसमे ग्लूको अल्कालायड, स्टेरॉल तथा पोटॅशियम नाइट्रेट के प्राप्ति की पुष्टि की गई तथा एक स्नेहाम्ल, राल तथा फेनॉलीय नये द्रव्यों की प्राप्ति हुई । गुणकर्मीय अध्ययन में देखा गया कि अपरिष्कृत सत्व में कोई ऐसा द्रव्य है जो हिस्टॅमीन को मुक्त करके रक्तदबाव को कम करता है तथा श्वसनिका संकोच करता है । इसमें का कोई भी अंश हिस्टॅमीन या एसिटिल कोलीन के प्रभाव को नहीं रोकता किन्तु ग्लूको अल्कालायड का सॅपोनिन अंश हिस्टॅमीन (४८।८०) के रक्तदबाव ह्रासक गुण को रोकने में समर्थ है । इसके अन्य अंशों का भी अध्ययन किया गया है । इसके विभिन्न अंशों के प्रभाव के आधार पर यह कहा जा सकता है कि तमक श्वास में इससे जो लाभ होता है वह फुफ्फुस तथा श्वसनिकाओं में हिस्टॅमीन की कमी हो जाने के कारण एवं अंशतः उसमें के अकार्बनिक नाइट्रेट के कफनिःसारक गुण के कारण है ।

एस. एस. गुप्ता, एस. एल. सी. वर्मा, सी. सिंग, श्रीमती पी. खण्डेलवाल एवं एन. के. गुप्त, इंडि. जर. मेडि. रिसर्च, ५५, ७, १९६७, ७२३-७३२ ।

६२६. इसका सुरासारीय सत्व हिस्टॅमीन की कमी करके उससे होनेवाले दुष्परिणाम जैसे रक्तदबाव का कम होना, श्वसनिकाओं का संकोच होना आदि को कम करता है ।

एन. के. गुप्त, एस. एस. गुप्त एवं महेश राय, इण्डि. जर. फीजियोला., सार, ११, २, १९६७, ५५; गुप्त एवं अन्य, इण्डि. जर. मेडि. साइ., २१, १२, १९६७, ७९५-७९९ ।

397. Soymida febrifuga A. Juss. **सं०-मांसरोहिणी**

६२७. इसके तने का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण किया गया है ।

एस. एस. जॉली, इण्डि. फारे., ९२, ७, १९६६, ४६९-४७१ ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६२८. इसमें जीवाणुरोधी कोई क्रिया नहीं पाई गई ।

श्रीनिवास, आइ. संजीवाराव, पी. जे. देशपाण्डे, दी मेडिसिन ऑन्ड सर्जरी, जुलाई ६६, १३-१७ ।

६२९. प्राणियों के चर्मगतक्षत पर इसकी छाल के क्वाथ के प्रारम्भिक अध्ययन में व्रणरोपण के प्रकार में परिवर्तन देखा गया । चर्मव्रण की संकोच की गति ३ से ९ दिन के बीच विलम्बित हुई जो व्रणरोपण-काल को विलम्बित करने की सूचक है । इसकी पुष्टि जीव-रासायनिक परीक्षण तथा सूक्ष्म रचना अध्ययन से भी हुई ।

इन परिणामों के विपरीत, मांसगत क्षत के अध्ययन में इससे बने घृत के बाह्य प्रयोग से मांसव्रण रोपण क्रिया में लाभ देखा गया । इस प्रयोग में प्राणियों की ऐच्छिक मांसपेशी, अनैच्छिक मांसपेशी तथा हृदय की मांसपेशी पर अध्ययन किया गया । प्रथम दो प्रकार की पेशी में उत्साहवर्धक परिणाम पाये गये किन्तु तीसरी पेशी पर परिणामों के निष्कर्ष के लिये अधिक आगे प्रयोग करने की आवश्यकता बतलाई गई क्योंकि प्रारम्भिक अध्ययन में विशेष परिवर्तन नहीं देखे गये ।

इ. संजीवाराव एवं प्र. ज. देशपाण्डे, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, १६५-१८८ ।

398. Stephania glabra (Roxb.) Miers. सं०-पाठाभेद

६३०. इसके कंदों के क्वाटर्नरी अल्कालायड का अध्ययन प्रस्तुत है । इसमें ६ अल्कालयड पाये गये । इनमें चार की संरचना का निर्धारण किया गया । शेष दो का अध्ययन किया जा रहा है ।

मॉग तिन वा, जैक एल. बील, रेमॉण्ड डब्लू. डोस्कोच, लायड्या, ३०, ३, १९६७, २४५-२४९ ।

६३१. इसके कंद से पृथक् किये गये तीन क्षाराभ Gindarine, Gindarinine एवं Gindaricine का गुणकर्मीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

हैं। ये तीनों परिसरीय रक्तवाहिनी विस्फार करके रक्तदबाव कम करते हैं। यह हृदयावसादक एवं उद्वेष्टन रोधी हैं। इनमें आक्षेपरोधी या निद्राजनन गुण नहीं पाया गया। चूहों पर प्रयोग में इसमें शोथहर या मूत्रल गुण नहीं देखा गया।

एच. आर. देस्सरी एवं वी. वी. मेहता, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८७।

399. Stephania hernandifolia (Wild.) Walp. सं०-पाठाभेद

६३२. इसके रासायनिक विश्लेषण से देखा गया कि इसमें एल्कालायड तथा स्टेरायड हैं। इनमें के एल्कालायड का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

वी. के. मोझा एवं दि. कु. वसु, १८ हवीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, १९६६, इण्डि. जर. फार्मे. २८, १२, १९६६, ३३८।

६३३. इसके मूल से एक नया क्षाराभ Aknadine पृथक् किया गया है।

वी. के. मोझा, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ६, १९६७, २८१-२८२।

६३४. इसके जल विलेय क्षाराभ Stephonine एवं एक समाक्षार (base) में प्रजननरोधी क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–५९।

६३५. इसके अन्वेषण के इस १० वें लेख में इसके मूल में पाये गये दो क्षाराभ Aknadinine एवं Aknadicine की संरचना का निर्धारण किया गया है।

वी. के. मोझा एवं वी. भादुरी, सार, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८१।

६३६. इससे पृथक् किये गये जल विलेय क्षाराभ Steponine का प्रारम्भिक गुणकर्मीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। Reserpine की तुलना में इसकी रक्त दबाव ह्रासक क्रिया कुछ अंशों में अधिक अच्छी पाई गई किन्तु सौमनस्यकारक गुण कुछ अंश में कम पाया गया।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पी. के. चौधरी, बी. के. मोझा एवं ए. एन. बोस, सार, २०वी इण्डि. फार्मे. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८७ ।

400. Stereospermum suaveolens DC. सं०पाटला

६३७. इसके तने तथा मूल की छाल का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।

एस. प्रसाद एवं अ. प्रकाश, जर. साइ. रिस., बी. एच. यू., १७ (१) १९६६-६७, १०१-१११ ।

401. Strebulus asper Lour. सं०-शाखोटक

६३८. इसकी छाल का क्वाथ गोमूत्र के साथ श्लीपद के रोगियों को पिलाया गया । ६० रोगियों के अनुभव से यह कहा जा सकता है कि इससे बहुत लाभ होता है । शोथ एवं लक्षण ठीक हुवे एवं पुनरावर्तन भी नहीं देखा गया ।

कै. प. पाण्डे, नागा., ११, २, १९६७, ९१-९३ ।

६३९. इसके पूर्व अन्य विद्वानों ने इसके जड़ की छाल के विश्लेषण से हृदय पर कार्य करनेवाले ग्लाइकोसाइड प्राप्त किये हैं । प्रस्तुत अध्ययन इसकी काण्ड त्वचा के रासायनिक विश्लेषण के सम्बन्ध में है ।

ए. के. बरुआ, एस. के. पाल एवं के. के. बसु, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, १, १९६८, ८७ ।

402. Strychnos nux-vomica Linn. हिं०-कुचला

६४०. इसके पत्तों के प्रधान क्षाराभ Vomicine के सम्बन्ध में अध्ययन प्रस्तुत है ।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं एस. सी. बासा, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४४, ८, १९६७, ६६३-६६७ ।

६४१. गृध्रसी के रोगियों में शोधित कुपीलु चूर्ण दिया गया । यह देखा गया कि केवल फेनिल ब्यूटॅझोन की अपेक्षा उसके साथ कुपीलु के प्रयोग से अधिक लाभ होता है ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आर. के. छप्परवाल, जी. एल. शर्मा एवं जी. पी. शर्मा, ह्यूमेटिस्म, ३, ४, १९६८, १६४-१६७ ।

403. Symplocos paniculata Wall. **सं०-लोध्रभेद**

६४२. प्राणियों में इसके विभिन्न सत्वों का अध्ययन गर्भपात-निरोधक गुण के अध्ययन के लिये किया गया। जलीय सत्व में यह प्रभाव देखा गया। इसके अन्य गुणधर्मों का अध्ययन भी किया गया है।

पी. सी. डण्डिया, वाई. एम. चोप्रा एवं एस. पी. वनजी, १८ हवीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मे, २८, १२, १९६६, ३४४ ।

६४३. प्रस्तुत लेख में आयुर्वेदीय दृष्टिकोण से लोध्र के सम्बन्ध में चर्चा की गई है तथा शावरक (श्वेत) लोध्र का वानस्पतिक स्रोत S. paniculata Wall. एवं पट्टिका लोध्र का S. racemosa Roxb. बतलाया गया है। इनके स्थूल स्वरूप एवं गुण प्रयोग आदि का भी विवेचन किया गया है।

मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, २, १९६५, १२७-१३२ ।

4 4. Symplocos racemosa Roxb. **सं०-पट्टिका लोध्र**

६४४. उपर्युक्त पेड़ को आयुर्वेदीय पट्टिका लोध्र का स्रोत बतलाया गया है।

देखें–६४३ ।

405. Tabernaemontana heyneana Wall. **म०-नागकुडा**

६४५. इसके बीजों से एक Coronaridine नामक क्षाराभ पृथक् किया गया है।

एन. रामैया एवं जे. मोहनदास, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, २, ११६६, ९९-१०० ।

६४६. इसमें के क्षाराभ Coronaridine का रासायनिक अध्ययन इसमें प्रस्तुत है।

इ. टी. वी., पी. पी. पिल्ले, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, ७, १९६६, ३३२-३३४ ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

406. Tabernaemontana sphaerocarpa Bl.

६४७. चूँकि जावा में होनेवाला यह वृक्ष अपने यहाँ बगीचों में लगाया मिलता है इसलिये इसके काण्ड तथा पत्रों का रासायनिक विश्लेषण किया गया। इसमें दो क्षाराभ Tabernaemontanine एवं Dregamine पाये गये उनका विवेचन हैं।

श्रीमती ए. चटर्जी, ए. बनर्जी एवं पी. एल. मजूमदार, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ९, १९६८, ५४५-५४६।

407. Tamarindus indica Linn. **सं०-अम्लिका**

६४८. चूँकि इसके पत्तों का रस आँखों की बिमारियों में प० बंगाल में व्यवहार किया जाता है इसलिये इसके जीवाणुनाशक गुण का अध्ययन किया गया। प्रयोगों से देखा गया कि इसके स्वरस में अनेक प्रकार के जीवाणुओं के लिए विरोधी गुण हैं।

पी. चौधुरी एवं एम. सेनगुप्त, जर. इंडि. मेडि. असो., ४९, १०, १९६७, ४६५-४६९।

408. Tamarix dioica Roxb. **सं०-झावुक**

६४९. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इसमें Kaempferide, Tamarixetin, Quercetin तथा D–mannitol पाये गये।

सी. पी. बहल, एम. आर. पार्थसारथी एवं टी. आर. शेषाद्रि; इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ४, १९६७, १७१-१७२।

409. Taxus buccata Linn. **सं०-तालीशपत्र**

६५०. इसके पत्र चूर्ण एवं गैरिक (red ochre) चूर्ण का अध्ययन चूहों में गर्भनिरोधक गुण की दृष्टि से किया गया। प्रारम्भिक अध्ययन में आशादायक परिणाम देखे गये।

कु. प्रे. व. तिवारी एवं चं. चतुर्वेदी, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, ४९-५४।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

410. Tecomella undulata (G. Don) Seem. **सं०-रोहितक**

६५१. इसकी छाल का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, भौतिक स्थिरांकों का निर्धारण, प्रतिदीप्ति विश्लेषण, विभिन्न रसायनों के साथ इसके चूर्ण की प्रतिक्रियायें तथा इसी नाम से लिये जानेवाले अन्य वृक्ष Amoora rohituka W. & A. की छाल एवं उत्तर प्रदेश के बाजार में इसके स्थान पर बिकने वाली पारिभद्र (Erythrina indica) की छाल के विभेदक लक्षणों को प्रस्तुत किया गया है। इससे तीनों द्रव्यों की पहचान स्थूल रूप में तथा चूर्ण रूप में भी आसानी से की जा सकती है।

सं० प्रसाद, वि. कु. जैन, कु. रो. मित्रा, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, २५-३४।

411. Tephrosia purpurea (Linn.) Pers. **सं०-शरपुंखा**

६५२. यकृतोदर के रोगियों में इसका प्रयोग किया गया। यह यकृत के कार्य को ठीक करने में सहायक सिद्ध हुई है।

य. न. उपाध्याय, के. पी. शुक्ला, पी. एस. शंकरन्, सु. ना. पाठक, जर. मेडि. साइ., ५, १, जाने. १९६४, ९७-१०२।

412. Terminalia belerica Roxb. **सं०-बिभीतक**

६५३. इसके फलों के रासायनिक विश्लेषण से एक नया हृदय पर कार्य करनेवाला ग्लाइकोसाइड पृथक् किया गया है।

कु. ले. अवस्थी एवं भो. नाथ, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४५, १०, १९६८, ९१३-९१७।

413. Terminalia chebula Retz. **सं०-हरीतकी**

६५४. इसमें का कार्यकारी विरेचक तत्व, सेन्नोसाइड ए (Sennoside A) या उसी तरह का है।

के. एन. गैंड एवं टी. एस. सैनी, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १०, १९६८, २३३-२३४।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

414. Terminalia paniculata Roth.

६५५. इसके काष्ठसार के रासायनिक विश्लेषण से 3, 4, 3–O–Trimethyl Flavellagic acid पृथक किया गया है।

एल. आर. राव, आर. आर. राजू, टेट्रा., २३, १९६७, ८७९-८८४।

415. Thespesia populnea Soland. ex Correa

हिं०-पारस पीपल

६५६. चूंकि खुजली तथा चर्मरोगों में इसके फल, पत्र तथा मूल को लाभदायक बतलाया जाता है इसलिये इसकी जीवाणुरोधी क्रिया का अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि इसके कच्चे फलों के गूदे का पेट्रोलियमईथर (४०°–६०°) से निकाला सत्व ०·०३% संकेन्द्रण में स्टॅफिलो कोकस जीवाणु (पूयजनक) की वृद्धि को रोकता है एवं यह एक फ्लेवोनाइड यौगिक (flavonoid compound) है।

के. एन. गैंड एवं एस. सी, वापना, इंडि. जर. फार्मेसी २९, १, १९६७, ८-९।

६५७. इसके फूलों के रासायनिक विश्लेषण से Gossypol नामक तत्व निकालें गया जो कपास के अतिरिक्त और किसी से निकाला हुवा ज्ञात नहीं था।

एस. सी. दत्ता, वी. वी. एस. मूर्ति एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइंस, ३७, ५, १९६८, १३५।

६५८. इसकी छाल तथा पुष्पों के रासायनिक विश्लेषण से प्रकाशीय सक्रिय Gossypol पृथक् किया गया है।

टी. जे. किंग, एल. वी. डी. सिल्वा, टेट्रा. लेट., ३, १९६८, २६१-२६३।

416. Thevetia neriifolia Juss. **हिं०-पीला कनेर**

६५९. इससे प्राप्त एक ग्लाइकोसाइड–Peruvoside का अध्ययन किया गया है। यह बिल्ली की पॅपिलरी मांसपेशी के संकोचों को बढ़ाता है। कुत्ते में हृद्बल्य क्रिया पाई गई। इसकी क्रिया Quabain के सदृश है। यह शीघ्र

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कार्य करता है। इसका प्रचूषण मुखद्वारा सेवन से होता है तथा इसमें संचायी विष प्रभाव अल्प है। प्रारम्भिक अध्ययन से, रक्त संकुल हृद्पात (congestive heart failure) के लिये यह अच्छी औषधि सिद्ध हो सकती है।

आर. बी. अरोरा, जे. एन. शर्मा एवं एम. एल. भाटिया, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायो., ५, १, १९६७, ३१-३६।

६६०. इसके बीजों में के तथा इससे विषाक्त मानव के मलादि उत्सर्गों में, इसके glycoside को वर्ण लेखीय विश्लेषण पद्धति द्वारा पहिचाननें की विधि का वर्णन किया गया है।

पी. एस. राजू, जर. इण्डि. एकेडे. फोरेन्सिक साइ., ७, २, १९६८, ७६-८३।

417. Tinospora cordifolia (Willd.) Miers. **सं०-गुडूची**

६६१. बाईस चूहों में यशद के टुकड़ों को उनके मूत्राशय में प्रस्थापित करके अश्मरी उत्पन्न की गई। इन पर, गुडूची के क्वाथ को मुखद्वारा पिलाकर अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि इससे यशद के टुकड़ों के ऊपर अश्मरी बनने में बाधा होती है। रासायनिक दृष्टि से यह अश्मरी फॉस्फेट की पाई गई।

महेश राय एवं एस. एस. गुप्त, जर. रिस. इंडि. मेडि. २, १, १९६७, ११३-११६।

६६२. इसके जलीय एवं अन्य सत्वों (सुरासारीय, ईथरीय आदि) का अध्ययन इसके मधुमेह में उपयोग की दृष्टि से किया गया। इसके विभिन्न परिणामों के आधार पर इसके कार्य करने के तरीके पर प्रकाश डाला गया। इसका यह कार्य, इसके आंतरिक इन्सुलिन उत्सर्ग, ग्लूकोस का उपयोग एवं परिसरीय ग्लूकोस विमुक्ति के विरोध से होता है।

एस. एस. गुप्ता, एस. एल. सी. वर्मा, वी. पी. गर्ग एवं महेश राय, इंडि. जर. मेडि. रिस. ५५, ७, १९६७, ७३३-७४५।

६६३. प्राणियों में गुडूची से प्राप्त एक तिक्त द्रव्य का आमाशयिक अम्ल तथा आन्त्र की गति पर अध्ययन किया गया। इससे आमाशयिक अम्ल

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रारम्भ में बढ़कर फिर क्रमशः कम हो जाता है। यह कार्य हिस्टामीन के ह्रास से होता है। यह आमाशयिक पुरस्सरण को भी कम करता है। आंत्र एवं गर्भाशय की गति भी इससे कम होती है।

दि. चन्द्र, म. राय एवं एस. एस. गुप्त, इण्डि. जर. फीजियोला. फार्माकोला., सार, ११, २, १९६७, ५७-५८।

६६४. इससे प्राप्त तिक्त द्रव्य से यकृत् द्वारा ग्लाइकोजन-लयन (Glycogenolysis) में विरोध होता है।

एस. एस. गुप्त, जे. आर. ई. वल्डेयर्स, वी. पी. गर्ग तथा म. राय, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, ११, २, १९६७, ५६।

६६५. इसके मधुमेह नाशक गुणों का और आगे अध्ययन किया गया है।

एस. एस. गुप्त, इंडि. जर. फीजियो. फार्माको., सार, १२, २, १९६८, १०।

६६६. खरगोशों को इसका क्वाथ पिलाया गया। तत्पश्चात् ग्लूकोस दिया गया। यह देखा गया है कि जिन्हें ग्लूकोस के पूर्व क्वाथ दिया गया था उनमें अन्यों की अपेक्षा रक्तगत शर्करा कम रही।

के. रघुनाथन् एवं प्रि. ब्र. शर्मा, नागा., १२, ३, १९६८, ५१-५४।

418. Toddalia aculeata Pers. **सं०-कंचन**

६६७. इसके रासायनिक विश्लेषण का अध्ययन इसमें किया गया है।

पी. डी. देसाई, टी. आर. गोविन्दचारी, के. नागराजन एवं एन. विश्वनाथन, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, १, १९६७, ४१-४२।

६६८. इसके मूल की छाल से दो नये क्षाराभ पृथक् किये गये।

टी. आर. गोविन्दाचारी एवं एन. विश्वनाथन, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, ६, १९६७, २८०।

419. Trachyspermum ammi Linn. **सं०-यवानी**

६६९. इसके तीन प्रकार के फल बजार में बिकते हैं। १. देसी अजवाइन (बड़ी), २. नादियाड अजवाइन एवं ३. देसी अजवाइन (छोटी)। इसमें एक

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अन्य फल मकरा की मिलावट होती है। इसलिये प्रस्तुत शोधपत्र में तीनों भेदों का सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन तथा उनके तैलीय अंश का अध्ययन किया गया है।

एस. एम. जे. एस. कादरी एवं सी. के. अट्ल, प्लॅन्टामेडिका, १५, १, १९६७, ५२-५७।

420. Tribulus terrestris Linn. सं०-गोक्षुर; हिं०-छोटा गोखरू

६७०. पुनर्नवा की तुलना में इसमें मूत्रल क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–१२२।

६७१. चूहों में प्रयोग से इसके फलों में मूत्रल गुण पाया गया। इसके क्वाथ तथा इसकी राख के जलीय सत्व का उपयोग किया गया था। चूँकि राख में अधिक गुण था एवं इसके सुरासारीय सत्व (हरित तैलीय अंश) में मूत्रल गुण नहीं पाया गया इसलिये इसका मूत्रल कार्य संभवतः इसमें के पोटॅशियम के कारण है।

जी. शान्ता कुमारी एवं जी. वाइ. एन. ऐय्यर, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, ७, १९६७, ७१४-७१६।

६७२. इसका स्वपारिस्थितिकीय (autecological) अध्ययन किया गया हैं।

एम. सी. जोशी, एस. कहाटे एवं एस. विशनोई, जर. इण्डि. बोटे. सोसा., ४६, २-३, १९६७, १६९-१८३।

६७३. कुछ रोगियों में अनुभव से कहा जा सकता है कि यह निरापद मूत्रल है जिसका उपयोग वृक्क विकार में कर सकते हैं। अन्यों की अपेक्षा Primary nephritis में यह अधिक लाभकर है। चूँकि इसके कार्यों में अन्तर देखा गया इसलिये इसका द्रव्यविनिश्चयात्मक अध्ययन आवश्यक है।

एस. एन. बोस, ऑन्टिसेप्टिक, ६५, ६, १९६८, ४०३-४०८।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

421. Trichosanthes cucumerina Linn. **सं०-पटोल; हिं०-जंगली चिचोडा**

६७४. इस अध्ययन में इसके काण्ड, पत्र, फल एवं बीज का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं भस्म तथा सत्व स्थिरांक (Ash and Extractive constants) एवं प्रतिदीप्ति विश्लेषण (Fluorescence analysis) प्रस्तुत किया गया है।

सी. एस. शाह एवं नीला एस. शाह, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, २, १९६७, २३०-२३५।

422. Trigonella corniculata Del.

६७५. इसके बीजों में तीन steroidal sapogenins पाये गये हैं जिनमें से सबसे अधिक (७०%), Yuceagenin है, दूसरा Diosgenin है तथा तीसरा अत्यल्प होता है।

पी. वार्ष्णेय एवं ए. आर. सूद, जर. इण्डि. केमि. सोसा., सार, ६ ठवाँ वार्षिक सम्मेलन अहमदाबाद, ४५, १९६८, ३५।

423. Trigonella foenum graecum Linn. **सं०-मेथिका**

६७६. इसके मूलों के श्वसन कार्य के लिये लोहा, मैगनेशियम तथा खटिक की आवश्यकता सिद्ध की गई।

डी. लीला एवं सी. एच. पाठक, इण्डि. जर. एक्स्पे. बायो., ६, २, १९६८, १२७-१२८।

424. Tylophora indica (Burm. f.) Merr. **सं०-अन्त्रमूल**

६७७. दमा तथा अलर्जी के कारण होनेवाले जुकाम के रोगियों में इसके पत्तों का प्रयोग किया गया। प्रारम्भिक अध्ययन में देखा गया कि ३ से ६ पत्तों की मात्रा से ही ५५% रोगियों में लाक्षणिक लाभ बहुत हुआ किन्तु साथ में कुछ विपरीत प्रभाव जैसे वमन, स्वाद का नाश, मुँह में छाले आदि देखे गये। आगे संशोधन चल रहा है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

डी. एन. शिवपुरी, एम. पी. एस. मेनन एवं धर्म प्रकाश, जर. एसोसि. फीजिशि. इण्डि., १६, १, १९६८, ९-१५।

425. Uraria lagopoides DC. सं०-पृष्णिपर्णी भेद

६७८. प्राणियों के परीक्षण में इसके काण्ड एवं पत्तों के क्वाथ में गर्भाशय के लिये बलदायक (uterotonic) क्रिया पाई गई। कुत्ते के गर्भाशय पर यह प्रभाव नहीं पाया गया।

एम. वी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एन. मिश्रा, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६०।

६७९. इसके काण्ड तथा पत्र के उष्ण जलीय सत्व में चूहों के सगर्भ तथा अगर्भ गर्भाशय पर संकोचक गुण पाया गया। गिनीपिग, खरगोश तथा मानव पृथक्कृत गर्भाशय पेशी पर इसी प्रकार की क्रिया देखी गई जो एट्रोपीन से रोकी जा सकती है। कुत्ते के गर्भाशय पर अधिक मात्रा से तान (tone) में वृद्धि देखी गई। मेढक के हृदय पर इसका अवसादक प्रभाव हुआ। गिनीपिग के आंत्र (ईलियम) पर उद्वेष्ठनकारी (spasmogenic) प्रभाव हुआ। कुत्ते के रक्त दबाव या श्वसन पर कोई क्रिया दृष्टिगोचर नहीं हुई।

एम. वी. मिश्रा एवं राजकुमारी मिश्र, इण्डि. जर. फार्मेसी, २९, ५, १९६७, १५६-१५७।

426. Uraria picta Desv. सं०-पृष्णिपर्णी

६८०. चूहों के अस्थि भंग में इसके संपूर्ण सत्व का उपयोग किया गया। स्ट्रॉन्शियम आइसोटोप एवं तनाव सहन करने की क्षमता के आधार पर परीक्षा की गई जिसमें देखा गया कि इससे अल्पावधि में अधिक तनाव सहन करने की क्षमता उत्पन्न होती है।

गु. प्रसाद, पी. एस. शंकरन् एवं प्र. ज. देशपाण्डे, जर. एक्सपे. मेडि. साइ., ८, १, २, जून, सितम्बर १९६४, ४३।

६८१. इसमें रेडियोसक्रिय गंधक ३५ का उपयोग किया गया। जिनमें पृश्निपर्णी का उपयोग किया गया उनमें इस विशिष्ट गंधक का संचय प्रारम्भ

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

में अधिक होकर बाद में शीघ्र ह्रास हुवा तथा म्यूकोपॉलिसॅकेराइड भी भग्न स्थान में नहीं रहा। इससे यह अनुमान होता है कि पृश्निपर्णी से भग्न में शीघ्र खनिजन (mineralisation) होता है।

पी. एस. शंकरन, गु. च. प्रसाद एवं प्र. ज. देशपाण्डे, ॲनल्स आइ. ए. एम. एस., २, १, १९६६।

६८२. इसमें जीवाणुरोधी कोई क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–६२८।

६८३. इसका स्वपारिस्थितिकी (autecology) संबंधी अध्ययन किया गया है जिसमें परिस्थिति के अनुसार इस पौधे में पाये जानेवाले परिवर्तनों का उल्लेख है।

कु. आ. भारद्वाज, जर. साइ. रिस. बी. एच. यू. १६ (१), ६५-६६, २३-३१।

६८४. इसके मूल का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, शालपर्णी के मूल के साथ विभेदक लक्षण, रासायनिक संगठन तथा प्रतिदीप्ति विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें क्षाराभ, अपचायक शर्कराएँ, स्टेरॉल, टॅनिन, राल एवं दोनों प्रकार के तैल पाये जाते हैं।

सं. प्रसाद, मो. सा. अन्सारी, जर. रिस. इण्डि. मेडि., २, १, १९६७, १६-२४।

427. Valeriana officinalis Linn. हिं०-तगरभेद

६८५. इसके प्रधान क्षाराभ की संरचना का निर्धारण किया गया हैं।

के. टी. एवं के. डब्लू., टेट्रा. लेट., ४, १९६६, ४४५-४४८।

428. Valeriana wallichii DC. हिं०-तगर

६८६. इसके रासायनिक पृथक्करण से प्राप्त द्रव्यों (Valepotriate) की संरचना का अध्ययन है।

पी. डब्लू. टी., टेट्रा., २४, १९६८, ३१३-३४७।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६८७. इसके मूल के उड़नशील तैल से प्राप्त Maaliol नामक tricyclic sesquiterpene alcohol के अन्य विद्वानों ने किये गुण-कर्मीय अध्ययनों का विवेचन किया गया है। इससे बिल्ली में रक्त दबाव एकाएक कम होकर हृदय में अनियमितता आती है एवं श्वसन अवसादित होता है। यह बहुत क्रियाशील तत्व नहीं है।

वी. के. सूद, इण्डि. फारेस्टर, ९४, ५, १९६८, ४०५।

429. Vallaris solanacea Kuntze. सं०-आस्फोता ? वं०-हाफरमाली

६८८. इसके काण्ड से β–sitosterol तथा ग्लाइकोसाइड का मिश्रण प्राप्त किया गया है।

एन. के. राय, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४३, २, १९६६, १३९।

६८९. इसमें के एक ग्लाइकोसाइड (O–acetyl-solanoside) में हृत्बल्य (cardiotonic) क्रिया पाई गई।

एम. एम. वोहरा, जी. के. पटनायक, आर. एस. कपिल एवं एम. आनन्द, जर. फार्मा. साइन्स, ५५, १९६६, १४२५।

430. Vanda roxburghii R. Br. **सं०-रास्ना (बंगीय)**

